रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## रण का फाइनल आज

- बेंगलुरु-पंजाब के बीच मुकाबला आज
- मैच का प्रसारण शाम 7.30 बजे होगा
- फाइनल देखने पहुंचेंगे एक लाख दर्शक
- आईपीएल को आज मिलेगा नया चैंपियन

# आईपीएल फाइनल में 'सिंदूरी रंग', मैच से पहले कामयाबी का जश्न, सेना का होगा सम्मान

एजेंसी ⏩ अहमदाबाद

आईपीएल के 18वें सत्र का खिताबी महामुकाबला आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है। इसके लिए बोर्ड ने समापन समारोह के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को भी न्योता दिया है। पंजाब और आरसीबी के पास 17 साल बाद चैंपियन बनने का बराबर का मौका है। फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां 1 लाख 32 ⏩शेष पेज 7 पर

### दोनों टीमों की ताकत और कमजोरी

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**



ताकत

| विराट कोहली | फिल सॉल्ट | जोश हेजलवुड |
|---|---|---|
| 614 रन | 387 रन | 21 विकेट |
| 14 मैच | 12 मैच | 11 मैच |
| 08 अर्धशतक | 04 अर्धशतक | 3/21 सर्वश्रेष्ठ |

कमजोरी: टीम का मध्य क्रम कभी-कभी लगातार प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर सकता है। रजत पाटीदार एक अनुभवहीन कप्तान के रूप में दबाव में आ सकते हैं।

नजरें: फाइनल में सभी की निगाहें विराट कोहली पर टिकी रहेंगी। वे अभी तक अपनी टीम को चैंपियन नहीं बना पाए हैं।

**पंजाब किंग्स**



ताकत

| प्रियांश आर्या | प्रभसिमरन सिंह | अर्शदीप सिंह |
|---|---|---|
| 378 रन | 334 रन | 18 विकेट |
| 12 मैच | 14 मैच | 14 मैच |
| 01 शतक | 02 अर्धशतक | 5/32 सर्वश्रेष्ठ |

कमजोरी: आक्रमक खेल के चक्कर में कई बार उसकी बल्लेबाजी ढह जाती है। कुछ खिलाड़ियों पर निर्भरता उसे भारी पड़ जाती है।

नजरें: अय्यर टूर्नामेंट के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है।



### रायपुर से अहमदाबाद

# सामान्य दिनों में 4899 सोमवार को 34966

रायपुर। आईपीएल के कारण अन्य शहरों के साथ ही रायपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट की कीमतें भी सोमवार को आसमान छूती रहीं। रायपुर से अहमदाबाद जाने सामान्य दिनों में लोगों को 4899 रुपए चुकाने पड़ते हैं, लेकिन सोमवार को विमान का किराया 34 हजार 966 रुपए पहुंच गया। ना केवल सोमवार बल्कि मंगलवार सुबह की ⏩शेष पेज 7 पर

**देश के कई शहरों से किराया 25 हजार**

सोमवार को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और चंडीगढ़ से अहमदाबाद आने वाली फ्लाइट्स का किराया 25 हजार तक पहुंच गया है। सामान्य दिनों में यह किराया 3500 से 5000 तक रहता है। इतना ही नहीं, फाइनल मैच के अगले दिन बुधवार को भी मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु के लिए सुबह की फ्लाइट का किराया 30 हजार तक पहुंच गया है।

वालकिंस गंगा
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक स्पताल
एंटी एजिंग BOTOX व FILLERS
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. स्किन स्पेशलिस्ट
शंकर नगर, रायपुर
9238709001




## संकट गहराने के आसार, सप्लाई कम, सोसाइटियों से खाली लौट रहे किसान

# सोसाइटियों से डीएपी गायब, बाजार में मिलती जुलती खाद महंगी, क्वालिटी की जांच तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर-राजनांदगांव-दुर्ग-गंडई-कवर्धा

छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा से मानसून की एंट्री हो चुकी है और इस हफ्ते राजधानी तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। प्री मानसून बारिश के साथ हुई अच्छी शुरुआत के बीच किसानों ने भी खेती किसानी की तैयारियां तेज कर दी है। इन तैयारियों के बीच किसानों को सर्वाधिक डीएपी खाद के संकट से जूझना पड़ रहा है। सोसायटियों में खाद नहीं है और निजी दुकानदार उन्हें कई उत्पाद को डीएपी बताकर महंगे दामों पर बेच रहे है। राजनांदगांव जिले में गुलमोहर ओर ग्रो मोर खाद की महंगे दामों पर बेची जा रही है। बताया जाता है कि गुलमोहर नाम की किसी डीएपी खाद होने की जानकारी कृषि महकमे को भी नहीं है लेकिन शहर की दुकानों में किसानों को 1750 रूपए में मिल रही है। गौरतलब है कि सोसाइटियो में 1350 रूपए में मिलने वाली डीएपी खाद के नहीं होने से किसानों को प्रति बोरी चार सौ रूपए का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। यहीं हाल दुर्ग जिले का है जहां स्तरहीन खाद की बिक्री हो रही है। सूत्रों की माने तो डीएपी संकट के बीच राज्य में कई स्थानों पर नकली खाद तैयार किए जाने का भी अवैध कारोबार शुरू हो गया है। ⏩शेष पेज 7 पर

हरिभूमि लाइव

*राज्य की सोसाइटियों में डीएपी के संकट ने किसानों को मुसीबत में डाल दिया है। सोसाइटियों में खाद नहीं होने की वजह से खुले मार्केट में उनको ज्यादा कीमत पर डीएपी का सौदा करना पड़ रहा है। मार्केट में डीएपी के विकल्प के तौर पर दूसरी खाद मिल रही है, जिसका दाम तो ज्यादा है ही, इसकी आड़ में गुणवत्ताविहीन उर्वरक भी खपाए जाने की आशंका बनी हुई है। हरिभूमि ने कई इलाकों में बाजारों का सर्वे किया। पता चला कि बाजार में महंगे दामों पर गुलमोहर, बयो और ग्रोमोर जैसी कुछ और खाद किसानों को बेची जा रही है।*



- सोसाइटी में 1350 रुपए में मिलने वाली खाद दुकानों में मिल रही 1750 में
- नकली खाद तैयार करने का अवैध कारोबार भी शुरू

### दुर्ग में दर्जनभर से अधिक कंपनियों की दुकानदारी

डीएपी का भंडारण दुर्ग की सोसायटियों में पचास फीसदी की गई है, उसमें भी 14 हजार टन से पांच हजार टन टारगेट कम कर किया जा रहा है। सोसायटियों में भंडारण नहीं किए जाने का फायदा निजी दुकानदार उठा रहे है। दुर्ग के गंज चौक में एक दुकान से जानकारी लेने पर बताया गया कि, बाजार में कोरोमंडल, ग्रोमोर और इफको जैसी दर्जनभ कंपनियां डीएपी खाद बेच रही हैं। इसमें डीएपी के बजाय अन्य खाद मिलाकर इसकी बिक्री की जा रही है। जिसमें साउथ की डीएपी 17 सौ रूपए बैग, एनएफएल की 1350 रूपए, महाधन कंपनी की 11;30,14 अनुपात वाली महाधन कंपनी की डीएपी 1850 रूपए में बेची जा रही है, जबकि सोसायटी में 18,24 की डीएपी सिर्फ 1350 रूपए में बिक रही है।

### जिलों ने घटाया डीएपी का लक्ष्य

युद्ध के कारण पूरे देशभर में प्रभावित हुई डीएपी की सप्लाई के बीच राज्य सरकार ने निर्धारित लक्ष्य में भी करीब 50 फीसदी की कटौती कर दी है। दुर्ग में पिछले साल डीएपी का लक्ष्य करीब 14 हजार मैट्रिक टन था जिसे कम कर छह हजार मीट्रिक टन कर दिया गया है। वहीं हाल राजनांदगांव जिले का है। यहां 11 हजार मैट्रिक टन के लक्ष्य को 4500 मैट्रिक टन कर दिया गया है। कागजो में लक्ष्य में कटौती कर यह दिखाने की कोशिश की जा रही है कि सोसायटियों में पर्याप्त खाद की सप्लाई कर दी गई है।



खैरागढ़ जिले में बयो डीएपी

नवगठित खैरागढ़- छुईखदान- गंडई जिले की बात करे तो यहां सोसाइटियो में एक बोरी डीएपी खाद नहीं होने के कारण किसानों को निजी दुकानों में महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। हरिभूमि ने जब गंडई, छुईखदान और खैरागढ़ की निजी दुकानों में बातचीत की तो पता चला कि वहां बयो डीएपी खाद 1750 रूपए में बेची जा रही है। सूत्रों ने बताया कि बयो डीएपी बिकने की जानकारी प्रशासन को भी नहीं है। यहीं कारण है कि आज पर्यन्त तक इसकी क्वालिटी की जांच नहीं की गई।

## कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ एक्शन लें, डीएपी की जगह विकल्पों पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने महानदी मंत्रालय भवन में सहकारिता विभाग की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति, भण्डारण एवं किसानों को वितरण की समीक्षा की।

- मंत्री श्री कश्यप ने की सहकारिता विभाग की समीक्षा

श्री कश्यप ने कहा कि किसानों को रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सहकारी समितियों की है। मांग को देखते समितियों में नियमित रूप से खाद का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरकों के उपयोग के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। मंत्री श्री कश्यप ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। निजी क्षेत्र की दुकानों में किसी भी तरीके की गड़बड़ी न हो इस ⏩शेष पेज 7 पर

### 38 फीसदी भंडारण

*खरीफ सीजन 2025 के लिए सहकारिता के लिए 10.72 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य है। इसके विरूद्ध 4.10 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण हुआ है, जो कि लक्ष्य का 38.23 प्रतिशत है। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 31 मई की स्थिति में 1.57 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। सहकारी समितियों में वर्तमान में 2.52 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध है।*


## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जो पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी। यह बैठक ऐसे समय में आयोजित की जा रही है।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार चार की मौत



**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार की सुबह लखनऊ-बहराइच मार्ग पर तेज गति से जा रहे एक ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में कार सवार चारों की मौत हो गई।

### रेलवे स्टेशन पर बम रखे होने की अफवाह



**जम्मू।** जम्मू रेलवे स्टेशन पर बम रखे होने की सूचना व्यापक जांच के बाद फर्जी निकली। एक अज्ञात व्यक्ति ने फोनकर मुख्य स्टेशन पर बम होने की सूचना दी थी। पुलिस ने रेलवे पुलिस के साथ मिलकर त्वरित कार्रवाई की और पूरे स्टेशन की गहन तलाशी ली।

### नंदनकानन चिड़ियाघर में सफेद शावक की मौत



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के नंदनकानन चिड़ियाघर में बाघ के सफेद शावक की मौत हो गई जो सात माह का था। पिछले साल दो नवंबर को बाघ कृष्णा और सफेद बाघिन रूपा से जन्मे सफेद शावक में मार्च में पैर खराब होने के लक्षण देखे गए थे।

### दुर्ग बीईओ सस्पेंड

# युक्तियुक्तकरण में अतिशेष पत्नी को बचाने बना दिया गणित का व्याख्याता

- इधर, रायपुर में बगैर कारण बताए स्थगित की गई काउंसिलिंग प्रक्रिया
- डीपीआई ने 4 जून तक अतिशेष शिक्षकों का परीक्षण कर पदास्थापना के दिए हैं निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

शासकीय विद्यालयों में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही कई स्तर पर गड़बड़ियों और शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में गड़बड़ी किए जाने के कारण दुर्ग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव को निलंबित कर दिया गया है। उन पर अपनी पत्नी को अतिशेष प्रक्रिया से मुक्त रखने कूटनीति करने का आरोप लगाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्ग बीईओ गोविंद ⏩शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### ...तो होगी कार्रवाई

नवीन शैक्षणिक सत्र से पूर्व युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूर्ण करने की कोशिश लोक शिक्षण संचालनलाय द्वारा की जा रही है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए इस संदर्भ में आदेश भी जारी कर दिया गया है। डीपीआई ने सोमवार को जारी अपने आदेश में कहा है कि 28 मई तक अतिशेष शिक्षकों का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 4 जून तक अतिशेष शिक्षकों का पदास्थापना आदेश जारी किया जाए। 4 जून तक उक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं होने की स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। पदास्थापना प्रक्रिया पूर्ण कर 5 जून तक सभी जानकारी संचालनालय में प्रस्तुत करने कहा गया है।

### सोमवार से होनी थी काउंसिलिंग

इधर, राजधानी रायपुर में युक्तियुक्तकरण के लिए 2 से 5 जून तक अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग निर्धारित हुई थी। रविवार के दिन आदेश जारी कर इसे स्थगित कर दिया गया है। आदेश में कारणों का जिक्र ना करते हुए कहा गया है कि अपिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक इसे स्थगित किया जाता है। आगामी तिथि की सूचना शीघ्र ही दी जाएगी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, अतिशेष शिक्षकों की सूची में जिनके नाम आए हैं, उनमें से कई ने विभिन्न स्तर पर आपत्ति की है। इसके चलते काउंसिलिंग स्थगित की गई है।

## आईबीसी24 मीडिया प्लेक्स का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का सबसे लोकप्रिय और भरोसेमंद न्यूज चैनल आईबीसी24 अब अपने नए अवतार में दर्शकों से रूबरू हो चुका है। आईबीसी24 के नवीन भवन पर आयोजित गरिमामयी समारोह में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ⏩शेष पेज 7 पर

### मीडिया जनता की आवाज : चिराग

अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए पूरी जिम्मेदारी के साथ लोगों तक खबरों को पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाचार माध्यमों को तेजी की बजाए सटीकता पर जोर देना चाहिए क्योंकि एक अप्रमाणिक खबर के काफी दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

### साय बोले- मीडिया पर बड़ी जिम्मेदारी

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मीडिया पर सरकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्हें ये कहते हुए खुशी हो रही है कि आईबीसी-24 ने अपनी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। मुख्यमंत्री साय ने आईबीसी-24 की अब तक की यात्रा की तारीफ करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में आईबीसी-24 अपने नए स्वरूप और विस्तार की बदौलत पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाएगा।

### सीढ़ियों से जाना होगा मंदिर

## डेढ़ माह के भीतर दो हादसे डोंगरगढ़ रोपवे फिर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏩ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर में संचालित रोपवे में पिछले डेढ़ माह के भीतर दो हादसे होने के बाद प्रशासन ने एक बार फिर इसके संचालन में रोक लगा दी है। इसके चलते दर्शनार्थियों को अब एक बार फिर सीढ़ियों से दर्शन के लिए ऊपर मंदिर जाना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले 25 अप्रैल माह में रोपवे की ट्राली के गिरने के चलते प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत ⏩शेष पेज 7 पर



### कंपनी को भी किया गया तलब

घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने एक बार फिर रोपवे के संचालन में रोक लगा दी है। सूत्रों ने बताया कि रोपवे का संचालन करने वाली कंपनी को भी यहां तलब किया गया है। प्रशासन का कहना है कि रोपवे को मैनुअल तरीके से चलाया जा रहा था।

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 54,378 अभ्यर्थी उत्तीर्ण

# जेईई-एडवांस्ड में रजित टॉपर, कहा- खुशी सफलता की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली जोन के रजित गुप्ता ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस में शीर्ष रैंक हासिल किया है। आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी शीर्ष रैंक हासिल करने वाली महिला अभ्यर्थी हैं।

अपनी सफलता से उत्साहित रजित ने कहा कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय ⏩शेष पेज 7 पर

### 116 विदेशी अभ्यर्थी भी

जेईई-मेन देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए ली जाने वाली परीक्षा है। यह जेईई-एडवांस्ड के लिए पात्रता परीक्षा है। कुल 116 विदेशी अभ्यर्थी भी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 13 उत्तीर्ण हुए।

### देवदत्ता ने रचा इतिहास





महिला वर्ग की बात करें तो आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी ने एआईआर 16 के साथ महिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है।

**टॉप 100 में इन शहरों के अभ्यर्थी :** शीर्ष 100 अभ्यर्थी में से 31-31 मुंबई और दिल्ली जोन से हैं जबकि 23 आईआईटी हैदराबाद जोन से हैं। कानपुर जोन से शीर्ष 100 में चार अभ्यर्थी, खड़गपुर से पांच और रुड़की से छह अभ्यर्थी हैं। रैंक लिस्ट में शामिल होने के नियम समझाते हुए अधिकारी ने कहा, /"रैंक सूची में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को विषयवार और कुल योग्यता अंकों को पूरा करना होगा।

### बिलासपुर के ईशान का 755 रैंक



**बिलासपुर।** उस्लापुर रोड के जेपी हाइट्स में रहने वाले डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर के बेटे ने बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। ईशान ठाकुर ने जेईई मेन में 99.955 पर्सेंटाइल में परचम लहराया है। ईशान शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने बिलासपुर के डीपीएस में पढ़ाई करते हुए दसवीं बोर्ड में 98 प्रतिशत अंक लाकर शहर का मान बढ़ाया था। जेईई एडवांस में ऑल इंडिया 755 रैंक लाकर एकबार फिर से शहर को गौरवान्वित किया है। ईशान ने बारहवीं बोर्ड में भी 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त ⏩शेष पेज 7 पर

सरकारी योजना के अंतर्गत श्रम विभाग से एक लाख रूपए की सहायता राशि पाने के लिए दलालों ने बगैर दाह संस्कार के सरकंडा मुक्तिधाम की पीली पर्ची भरकर नगर निगम बिलासपुर से फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करवा लिया, जबकि मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत पिरैया द्वारा चार महीने पहले जारी किया जा चुका था। संदेह के आधार पर श्रम विभाग ने मामले की जानकारी जिला रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु विभाग को दी, जिसकी जांच में पूरा फर्जीवाड़ा सामने आया।

## सरकारी योजना का लाभ लेने की गई थी कूटरचना

# दाह संस्कार हुआ नहीं, मुक्तिधाम की फर्जी रसीद से नगर निगम ने जारी किया मृत्यु प्रमाण पत्र

**बिलासपुर।** बिल्हा ब्लाक के पिरैया ग्राम पंचायत निवासी लक्ष्मण सतनामी की स्वास्थ्यगत कारणों से 28 अक्टूबर 2024 को शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। मृत्यु के बाद इसका अंतिम संस्कार पिरैया गांव में किया गया, जिसके आधार पर ग्राम पंचायत द्वारा मृत्यु प्रमाणपत्र भी जारी कर दिया गया था। मृतक श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक था, जिसका हर साल दिसंबर महीने में नवीनीकरण किया जाता था। अक्टूबर महीने में मृत हो जाने के बाद भी दिसंबर महीने में किसी ने लक्ष्मण सतनामी का श्रम विभाग में पंजीयन नवीनीकृत करा दिया। श्रम विभाग के अनुसार नवीनीकरण के लिए केवल आवश्यक कागजात जरूरी होता है, संबंधित व्यक्ति का स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होता, जिससे मृत होने के बाद भी उसका नवीनीकरण हो गया। मृतक का दो-दो मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाना, मृत होने के बाद भी श्रम विभाग में नवीनीकरण करवाना और उसकी मृत्यु अक्टूबर की बजाए फरवरी माह में होना बताना एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया।

### इसलिए बनाया दो मृत्यु प्रमाणपत्र

श्रम विभाग में योजना का लाभ लेने के लिए मृत्यु दिनांक से 90 दिनों के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होता है। इसके बाद आवेदन करने पर पोर्टल आवेदन ही स्वीकार नहीं करता। इस मामले में मृतक की मौत अक्टूबर में ही हो गई थी, जिससे 90 दिनों की अवधि पार हो चुकी थी। इसीलिए शातिर जालसाजों ने फरवरी 2025 की अवधि का दूसरा मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया। यह प्रमाणपत्र बनवाने व पकड़ाने से बचने के लिए दलालों ने मृतक को बकायदा शहर के हेमू नगर का निवासी भी बताया था, लेकिन जालसाजी काम नहीं आ सकी।




### पूरी जानकारी नहीं है

मृतक का बगैर दाह संस्कार के पीली पर्ची के आधार पर मृत्यु प्रमाणपत्र जारी होने का मामला जानकारी में तो है, लेकिन डिटेल फाइल देखकर ही बता पाऊंगा। -सती यादव, रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु,नगर निगम

### निरस्त किया गया है प्रकरण

योजना का लाभ दिलाने वेरीफिकेशन के लिए गांव जाने पर ग्रामीणों व परिजनों द्वारा अलग-अलग मृत्यु दिनांक बताने पर संदेह हुआ था। जन्म-मृत्यु विभाग से कराई गई जांच में फर्जीवाड़ा होना पाया गया है, जिससे मृतक का प्रकरण निरस्त कर दिया गया है। -संतोषी ध्रुव, श्रम निरीक्षक

### ऐसे पकड़ में आया मामला

मृतक लक्ष्मण सतनामी श्रम विभाग में निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत था। उसकी मृत्यु के बाद किसी ने मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत दी जाने वाली एक लाख की सहायता राशि के लिए श्रम विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया। सहायता राशि दिलाने से पूर्व वेरीफिकेशन के उद्देश्य से श्रम विभाग की टीम पिरैया गांव पहुंची। यहां उन्होंने ग्रामीणों से दो माह पूर्व मृत लक्ष्मण सतनामी का पता पूछा। ग्रामीणों ने पता तो बताया लेकिन यह भी कहा कि उसकी मृत्यु दो नहीं, बल्कि चार महीने पहले हुई है।

## खबर संक्षेप

### निजी क्षेत्र भी तैयार कर सकेंगे औद्योगिक पार्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य की औद्योगिक नीति में बड़ा बदलाव किया है। अब 15 एकड़ या उससे अधिक जमीन वाले निजी क्षेत्र भी औद्योगिक पार्क की स्थापना कर सकेंगे। राज्य सरकार प्रति एकड़ 20 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान करेगी। कोई व्यक्ति या निजी संस्था 15 एकड़ भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करना चाहती है, तो उन्हें कुल 3 करोड़ रुपए तक का अनुदान मिल सकता है। राज्य की साय सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के प्रत्येक जिले में कम से कम एक निजी औद्योगिक पार्क स्थापित हो, जिससे रोजगार और निवेश को बढ़ावा मिल सके। यह पहली बार है, सीएसआईडीसी के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी औद्योगिक पार्क स्थापित करने का अवसर दिया जा रहा है। राजनांदगांव जिला के ग्राम पटेवा में 322 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, स्पेश मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, नवा रायपुर के 20 एकड़ में रेडीमेड गारमेंट पार्क और 30 एकड़ में फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना होगी। इस तरह कुल 445 करोड़ रुपए की लागत से 4 स्मार्ट औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी।

### मधुमेह, बुखार व संक्रमण की तीन दवाएं अमानक

**रायपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों से एकत्र किए गए औषधि नमूनों की जांच में पांच दवाएं अमानक पाई गई हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सक्ति, राजनांदगांव, कोंडागांव, सूरजपुर सहित अन्य जिलों से 34 औषधि नमूनों को एकत्र कर रायपुर स्थित राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। इसी वर्ष मई में जांच उपरांत इनमें से 3 दवाएं गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरीं। इन दवाओं का उपयोग मधुमेह, बुखार व संक्रमण जैसे रोगों के उपचार में किया जाता है। विभाग द्वारा संबंधित उत्पादकों एवं वितरकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। घोषित की गई अमानक दवाओं में विल्डमेड टैबलेट– निर्माताः वृंदावन ग्लोबल, सोलन (हि.प्र.), रिफलीवे एम टैबलेट – निर्माताः आई हील, फार्मास्युटिकल्स, बद्दी (हि.प्र.) डोंलोकैर डी एस सस्पेंशन – निर्माताः क्विक्सोटिक फार्मा, मोहाली (पंजाब) शामिल है।

### प्रभाटोला में बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

**कवर्धा।** जिले के थाना क्षेत्रों से एक के बाद एक सामने आ रहे हत्या के मामलों के बीच सोमवार को जिले की पोंड़ी पुलिस चौंकी अतंर्गत ग्राम प्रभाटोला से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें अज्ञात लोगों द्वारा अगमदास कुर्रे पिता बिसहुआ कुर्रे आयु 65 वर्ष की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी और घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि अज्ञात आरोपियों ने वैसे तो इस घटना कांड को रविवार की रात करीब 8.00 बजे ही अंजाम दे दिया था लेकिन मृतक के परिजनो को घटना की जानकारी सोमवार की सुबह हुई और उन्होने इसकी सूचना तत्काल पोंड़ी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के बाहर खून से लतपथ पड़ा मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

## नई पुनर्वास नीति के तहत मिलेगी 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि व अन्य सुविधाएं

# 25 लाख के ईनामी 2 हार्डकोर समेत 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खास खबर

समर्पण करने वाले एक महिला व एक पुरूष नक्सली पर 8-8 लाख, 1 पुरूष पर 3 लाख तथा 3 पुरूष पर 2-2 लाख कुल 25 लाख का ईनाम घोषित था। इन्हें समर्पण करने में प्रोत्साहित कराने में जिला बल, नक्सल सेल एवं रेंज फिल्ड टीम आरएफटी कोंटा के अलावा 218, 226 बटालियन सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही। सभी नक्सलियों ने सोमवार को एसपी सुकमा, टूआईसी सीआरपीएफ 226 बटालियन विरेन्द्र कुमार खतवाल एएसपी उमेश प्रसाद गुप्ता, डीएसपी मनीष रात्रे, सिलक राम सहायक कमाण्डेन्ट 218 बटालियन सीआरपीएफ व सहायक कमाण्डेंट 226 बटालियन सीआरपीएफ शशांक सिन्हा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। एसपी ने बताया कि सभी समर्पित नक्सलियों को छग शासन के नए पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधायें दी जाएगी।

**हार्डकोर नक्सलियों के मुठभेड़ में लगातार मारे जाने के बाद नक्सलियों के समर्पण का सिलसिला जारी है। सोमवार को सुकमा एसपी किरण चव्हाण व अन्य अधिकारियों के समक्ष 25 लाख के ईनामी 2 हार्डकोर समेत 16 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में कम्पनी नम्बर 2 की मेंबर 8 लाख की ईनामी महिला नक्सली भी शामिल है। समर्पण करने वालों को नए पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।**



**समर्पित नक्सलियों में यह शामिल**

समर्पण करने वाले नक्सलियों में 8-8 लाख के दो नक्सली शामिल है इनमें सीआरसी रिजनल कम्पनी नम्बर 2 की मेंबर पीपीसीएम रीता उर्फ डोडी सुक्की 36 वर्ष निवासी गोंदपल्ली पटेलपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा व पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 व कम्पनी व प्लाटून नम्बर 2 का मेंबर राहुल पुनेम 18 वर्ष निवासी गोंदपल्ली मलपारा थाना जगरगुण्डा के अलावा 3 लाख का ईनामी लेकाम लखमा 28 वर्ष 2-2 लाख के ईनामी सोड़ी चुला 20 वर्ष, तेलाम कोसा 19 वर्ष, डोडी हुर्रा 29 वर्ष, माड़वी माड़का 18 वर्ष रवा भीमा 45 वर्ष तथा सोड़ी देवा 30, सोड़ी हड़मा 32 वर्ष, हेमला हिड़मा 40 वर्ष, माड़वी सन्ना 42 वर्ष, पदाम दारा 31 वर्ष, सोड़ी भीमा 32 वर्ष, पुनेम चैतु 23 वर्ष तथा लेकाम लखमू 30 निवासी गोंदपल्ली सोड़ीपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा शामिल है।

### बड़ेसेट्टी के बाद केरलापेंटा हुआ नक्सलमुक्त

सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित पंचायत केरलापेंदा सभी 9 नक्सलियों के समर्पण के बाद नक्सलमुक्त पंचायत की सूची में शामिल हो गया है। इससे पूर्व जिले का बड़ेसेट्टी पंचायत नक्सलमुक्त पंचायत की सूची में शामिल होने वाला पहला पंचायत था। एसपी किरण चव्हाण ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि केरलापेंदा दूसरी पंचायत है जहां के सभी 9 नक्सलियों ने आत्मसर्मण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए है। आने वाले दिनों में शासन की योजनानुसार केरलापेंदा पंचायत के विकास के लिए 1 करोड़ रूपए प्रदान किया जाएगा इसके लिए डाक्यूमेंट तैयार कर शासन को प्रेषित किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही केरलापेंदा में विकास कार्य शुरू हो सकेगा।

नेत्र चिकित्सक संघ व अस्पतालों का निर्णय

## सीएसपीटीसीएल कर्मचारियों के लिए नेत्र चिकित्सा की कैशलेस सुविधा बंद

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड, सीएसपीटीसी - एल के कर्मचारियों को अब नेत्र चिकित्सा और शल्य चिकित्सा के लिए कैशलेस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। यह निर्णय छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सक संघ और विभिन्न नेत्र अस्पतालों द्वारा लिया गया है, जो 1 जून 2025 से प्रभावी हो गया है। नेत्र चिकित्सक संघ ने आरोप लगाया है कि सीएसपीटीसीएल द्वारा बार-बार अनुबंध की शर्तों में एकतरफा बदलाव किए गए, जिससे सेवा प्रदाताओं को असुविधा हुई। एडिशनल चीफ इंजीनियर, एचआर के व्यवहार को गैर-पेशेवर और अपमानजनक बताया है। हालांकि, कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए, नेत्र अस्पतालों ने स्पष्ट किया है कि उपचार जारी रहेगा, लेकिन इसके लिए मरीजों को अस्पताल की निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान करना होगा। कर्मचारी बाद में सीएसपीटीसीएल से रिइम्बर्समेंट क्लेम कर सकते हैं। नेत्र चिकित्सक संघ ने यह भी संकेत दिया है कि यदि भविष्य में अनुबंध की शर्तें व्यावहारिक और सम्मानजनक होती हैं, तो वे इस निर्णय पर पुनर्विचार कर सकते हैं।

### पत्राचार का नहीं मिला जवाब

छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सक संघ और सेवा प्रदाता अस्पतालों ने सीएसपीटीसीएल के एडिशनल मुख्य अभियंता के रवैये को तुगलकी, ,गैर पेशेवर बताते हुए गंभीर आपत्ति जताई है। समाधान के लिए कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। विभाग द्वारा लगाए गए कई आरोप तथ्यहीन, आपत्तिजनक और अर्धसत्य से भरे हुए हैं। कुछ निर्देश तो मानहानि और गैरकानूनी व्यवहार की सीमा में आते हैं। 1 जून से कर्मियों को दी जा रही कैशलेस नेत्र चिकित्सा सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया है।


## 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह

# 'भारत' बाबर, अकबर का नहीं रघुवर का देश है: धीरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के ननिहाल है। ऐसे पावन धरती को मेरा प्रणाम है। जीवन में वस्त्रदान, रक्तदान सब होता है, पर कन्या दान सबसे बड़ा दान है। इस आयोजन में 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। यह बहुत ही सराहनीय बात है। भारत बाबर, अकबर का नहीं रघुवर का देश है।

ये बातें श्री नष्टी भवानी मंदिर शंकर नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, श्री सतचंडी महायज्ञ एवं 11 कन्या विवाह महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को गुरुदेव श्री चक्र महामेरू पीठाधिपति श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में आयोजित कन्या विवाह महोत्सव में बागेश्वर सरकार पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने सभी जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिन बेटियों का कोई नहीं है, उनका बागेश्वरधाम है। बागेश्वरधाम में हर साल गरीब कन्याओं का विवाह कराया जाता है। हम भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रण लिए हैं और इसके लिए निरंतर काम भी कर रहे हैं। गांव-गांव बागेश्वरधाम का मंडल भी बनाने की तैयारी है। उन्होंने बिलासपुर में आकर कथा कहने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया।



### हिंदू राष्ट्र बनाने की जाएगी पदयात्रा

बागेश्वर महराज ने बताया कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने 7 नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक पदयात्रा की जाएगी। उन्होंने इस पदयात्रा में भाग लेने उपस्थित लोगों को हाथ भी उठवाया और कहा कि जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। उन्होंने भविष्य में छत्तीसगढ़ के बस्तर से भी पदयात्रा करने की जानकारी दी और कहा कि सबसे ज्यादा धर्मांतरण बस्तर में हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दोनों मिलकर नक्सल के खिलाफ जंग छेड़ दिए हैं। नक्सली समस्या के समाप्त हो जाने से छत्तीसगढ़ का कलंक मिट जाएगा।

### लगवाई सामूहिक अर्जी

बागेश्वरधाम सरकार ने उपस्थित लोगों की सामूहिक अर्जी लगाई और हम सब हिंदू भाई-भाई, हिंदू राष्ट्र के जयकारे लगवाए। इसके बाद पूज्य गुरुदेव श्री चक्र महामेरू पीठाधिपति श्रीश्री सच्चिदानंद महाराज एवं कथा वाचक पं. डॉ कौशल किशोर दुबे खम्हारडीह की उपस्थिति में शचचंडी यज्ञ प्रारंभ हुआ।

### बागेश्वर बाबा का दर्शन पाने उमड़ी भीड़

बागेश्वर बाबा की एक झलक पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोगों की आस्था इतनी कि बागेश्वर महराज मंच तक नहीं पहुंच सके और उन्हें खुली जीप में ही खड़े होकर अपना उद्बोधन देना पड़ा। वहीं हजारों लोग उनकी फोटो लेते रहे। वीडियो बनाते रहे। जयकारे लगाते रहे। लोरमी से आए रजनी गुरुदयाल साहू ने बताया कि वे बागेश्वर महराज का दर्शन करने के लिए ही अपने दो बच्चों के साथ यहां आए हैं। शहर सहित दूर-दराज से भी लोग आकर उनके प्रति अपनी आस्था जताई।

### नगरीय प्रशासन मंत्री साव ने तेलीबांधा में वॉकथान को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने राजधानी के तेलीबांधा तालाब में 'हरित स्वच्छता अभियान' का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण रोकने जागरूक करने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री ने स्वच्छता जागरुकता के लिए आयोजित वॉकेथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोगों को रायपुर शहर को प्लास्टिकमुक्त बनाने की शपथ दिलाई। श्री साव ने कहा कि पर्यावरण का हमारे जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। रायपुर और पूरे प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त करने की दिशा में संकल्पित होकर कार्य करेंगे। महिला स्व सहायता समूहों के कपड़े थैलों के वितरण के लिए बने कियोस्क का शुभारंभ किया। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मानव संस्कृति में प्रकृति को विकृत करने की नहीं, बल्कि संरक्षित करने की परंपरा रही है। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सभी का सहयोग और सहभागिता जरूरी है। हमारी बहनें ठान ले तो कोई भी अभियान सफल हो सकता है। प्लास्टिक की वजह से जो कचरा होता है।



# नक्सलियों ने बाइक को किया आग के हवाले, मौके पर छोड़ा पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नारायणपुर जिले के करलाखा इलाके के डिबरीपारा में बीती रात नक्सलियों ने एक बार फिर अपनी कायराना हरकत को अंजाम देते हुए बाइक को आग के हवाले कर दिया और परिवार को गांव छोड़ने का फरमान जारी किया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बीती रात नक्सली करलाखा क्षेत्र के डिबरी पारा में पहुंचे और एक घर में घुसकर बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली मौके पर पर्चा छोड़कर फरार हो गए।



### पुलिस ने शुरू की जांच

जानकारी के मुताबिक प्रभावित परिवार के कुछ सदस्य पुलिस विभाग में कार्यरत हैं जिसे नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया। परिवार का कहना है कि यह हमला आपसी दुश्मनी का परिणाम भी हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार ने तत्काल भरंडा थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और नक्सली पर्चे को कब्जे में लेकर मामले की तहकीकात कर रही है।

### पुलिस व प्रशासन के खिलाफ भड़काऊ बातें लिखीं

मौके पर मिले नक्सल पर्चा में अमरसिंह कुमेटी के नाम से चेतावनी देते हुए कहा गया है कि जान प्यारी है तो गांव छोड़कर परिवार के साथ भाग जाओ यह पहली चेतावनी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नक्सलियों ने पर्चे में पुलिस और प्रशासन के खिलाफ भड़काऊ बातें लिखी हैं। वहीं घटना के बाद पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है।

## केंद्रीय मंत्री पासवान निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे रायपुर

# चिराग ने कहा- पार्टी का विस्तार छत्तीसगढ़ में भी करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, आने वाले दिनों में मैं छत्तीसगढ़ लगातार आऊंगा। हम यहां धीरे-धीरे संगठन भी मजबूत कर रहे हैं। पिछले दिनों में पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के कई नेता यहां आए हैं। उन्होंने संगठन की समीक्षा करने का काम किया।

हमारी इच्छा है कि आने वाले दिनों में पार्टी का विस्तार छत्तीसगढ़ में भी करें। धीरे-धीरे पार्टी एक्सटेंशन मोड पर है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सोमवार को एक प्राइवेट इवेंट में शामिल होने रायपुर पहुंचे। उन्होंने कहा, बिहार से निकलकर धीरे-धीरे कई राज्यों में पार्टी का विस्तार कर रहे हैं। नागालैंड में दो विधायक और झारखंड में विधायक हैं। आने वाले दिनों में उत्तरप्रदेश, पंजाब और छत्तीसगढ़ में भी पार्टी का मजबूती से विस्तार हो सके, इस सोच के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरा राज्य बिहार विकसित राज्य की श्रेणी में बराबरी पर आकर खड़ा हो। तीसरी बार का सांसद बनने के बाद मुझे एहसास हो रहा है कि दिल्ली में रहकर संभव नहीं है। ऐसे में यह इच्छा मैंने पार्टी के सामने रखी है कि अब मैं जल्द बिहार वापस जाना चाहता हूं। अगर पार्टी चाहेगी, तब ये होगा। उन्होंने कहा कि जब मैं यह कहता हूं कि पार्टी चाहेगी, तो आप लोग पूछेंगे आपकी पार्टी है, आप चाहेंगे तो कौन रोकेगा। जब मैं कहता हूं कि पार्टी चाहेगी, तो इसका मतलब यह है कि पार्टी तय कर रही है कि इसका असर क्या होगा।



### राज्यपाल से पासवान ने की भेंट

राज्यपाल रमेन डेका से सोमवार को राजभवन में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सौजन्य भेंट की।

### मेरा विजन है बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट

मुख्यमंत्री पद की बिहार कोई वैकेंसी नहीं है। बिहार में मौजूदा सीएम नीतीश हैं। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद भी वही सीएम बनेंगे। साथ ही उन्होंने कहा, अगर बिहार में विधानसभा चुनाव में मेरे उतरने से फायदा होगा, तो चुनाव जरूर लड़ूंगा। चिराग पासवान ने कहा, मैं बहुत लंबे समय तक अपने आप को केंद्र की राजनीति में नहीं देखता हूं। मेरा राजनीति में आने का कारण ही बिहार और बिहारी लोग रहे हैं। ऐसे में मेरी इच्छा है कि मैं जिस सोच के साथ राजनीति में आया हूं, मेरा अपना विजन है बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट।

रायपुर
मंगलवार, 3 जून 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष: 23, अंक: 316
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 37.8
न्यून. 25.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# रायगढ़ और राजनांदगांव में खूब बिकी जमीन, रजिस्ट्री की कमाई में रायपुर पिछड़ा, दंतेवाड़ा सबसे पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में रजिस्ट्री से होने वाली आय का लक्ष्य दिया गया था। इसके तहत प्रदेश में दो जिले ही ऐसे हैं, जिन्होंने न केवल लक्ष्य को हासिल किया, बल्कि उस लक्ष्य से ज्यादा आय भी प्राप्त किया है। इनमें रायगढ़ को 172 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था। इसके एवज में 253 करोड़ से अधिक की आय हुई है, जो लक्ष्य से 47 प्रतिशत ज्यादा है। दूसरे नंबर पर राजनांदगांव जिला रहा, जिसे 140 करोड़ रुपए के लक्ष्य की तुलना में 141 करोड़ से अधिक की आय हुई है। इस तरह लक्ष्य से 1.29 प्रतिशत अधिक आय हुई है। रायपुर जिले में भी इस बार रजिस्ट्री से जमकर आय हुई है, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### प्रदेश में 32 सौ करोड़ का मिला था लक्ष्य, हासिल किया 2966 करोड़

विभागीय आकड़ों के अनुसार पंजीयन विभाग की ओर से सभी जिलों को पिछले वर्ष से इस बार रजिस्ट्री से होने वाली आय का लक्ष्य बढ़ाकर दिया गया था। इसके तहत प्रदेशभर में 32 सौ करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य की तुलना में 2966 करोड़ 16 लाख 10 हजार रुपए की आय हुई है, जो लक्ष्य से 7.31 प्रतिशत कम है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में इस वर्ष 18.36 प्रतिशत अधिक आय हुई है।

## रजिस्ट्री से कमाई का लेखा जोखा



### रायपुर को मिला था 1226 करोड़ का टारगेट

रायपुर जिले को विभाग की ओर से 1226 करोड़ रुपए का टारगेट मिला था। इसके एवज में 1104 करोड़ 83 लाख 44 हजार रुपए की आय हुई है, जो लक्ष्य से 9.88 प्रतिशत कम है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 956 करोड़ 11 लाख रुपए का टारगेट मिला था, वहीं इस वर्ष 270 करोड़ रुपए अधिक टारगेट दिया गया था। इस तरह वर्ष 2024 में टारगेट जरूर पूरा नहीं हो पाया है, लेकिन वर्ष 2023 की तुलना में इस बार 15.56 प्रतिशत ज्यादा आय हुई है।

### मार्च में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 56 करोड़ ज्यादा आय

मार्च में हर बार सबसे ज्यादा रजिस्ट्री होती है। इससे आय भी इस माह ज्यादा होती है। वित्तीय वर्ष 2023 के मार्च की बात करें तो उस माह में प्रदेश में 410 करोड़ 36 लाख रुपए से ज्यादा की आय हुई थी, वहीं वर्ष 2024 के मार्च में यह आय बढ़कर 466 करोड़ 5 लाख रुपए पहुंच गई। इस तरह इस वर्ष 13.57 प्रतिशत अधिक आय हुई है।


#### जिलेवार रजिस्ट्री का लक्ष्य एवं आय का विवरण (राशि करोड़ में)

| शहर | लक्ष्य | आय | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 1226 | 1104 | 90.12 |
| बिलासपुर | 373 | 308 | 82.72 |
| दुर्ग | 437 | 404 | 92.54 |
| राजनांदगांव | 140 | 141 | 101.29 |
| जांजगीर-चांपा | 128 | 107 | 83.78 |
| रायगढ़ | 172 | 253 | 147.21 |
| सरगुजा | 84 | 77 | 92.09 |
| बस्तर | 48 | 44 | 93.28 |
| कोरबा | 53 | 39 | 75.24 |
| धमतरी | 60 | 50 | 84.88 |
| बलौदाबाजार | 83 | 69 | 83.37 |
| मुंगेली | 47 | 44 | 95.17 |
| बेमेतरा | 91 | 83 | 92.19 |
| बालोद | 64 | 58 | 91.70 |
| गरियाबंद | 20 | 18 | 92.32 |
| महासमुंद | 61 | 57 | 94.05 |
| कवर्धा | 52 | 48 | 93.36 |
| जशपुर | 14 | 11 | 81.54 |
| कोरिया | 18 | 16 | 90.76 |
| कांकेर | 20 | 17 | 89.74 |
| दंतेवाड़ा | 9 | 6 | 73.53 |

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### छात्रा का यौन उत्पीड़न दोषी को उम्रकैद



**चेन्नई।** चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले साल दिसंबर में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के मामले में दोषी करार दिए गए ज्ञानशेखरन को सोमवार को बिना किसी छूट के न्यूनतम 30 साल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### पति की हत्या के आरोप में पत्नी- बेटा गिरफ्तार





**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में पति की हत्या के आरोप में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान नयागढ़ जिले के शिशिर साहू के रूप में की गई है। शिशिर का अधजला शव बरामद होने के एक दिन बाद उसकी पत्नी नमिता और पुत्र अभिषेक को गिरफ्तार किया गया।

### एसटीएफ ने 50 लाख के हाथी दांत जब्त किए



**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल ने कुल 50 लाख रुपए मूल्य के हाथी के दो दांत जब्त किए हैं। वन्यजीवों के अंगों की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। संदिग्ध की पहचान बौद्ध जिले के चरदा गांव निवासी प्रमोद परिदा के रूप में हुई है। उसे बौद्ध जिले के तेलीबांधा चाक के पास हाथी के दांत के साथ गिरफ्तार किया गया।

### पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में करोल नवरोकी की जीत



**वारसॉ।** पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले। त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था।

### आरटीआई आवेदनों में ई-मेल ओटीपी वेरिफिकेशन अनिवार्य




**नई दिल्ली।** केंद्र 16 जून से सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत सभी आवेदनों के लिए 'वन-टाइम पासवर्ड' (ओटीपी) के माध्यम से ई-मेल सत्यापन व्यवस्था पर अमल करेगा। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गयी।

# बाढ़-भूस्खलन से अब तक 40 की मौत
# टूटा 132 साल का रिकॉर्ड



जून के शुरुआत के साथ ही भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, असम या त्रिपुरा – मणिपुर में भारी बारिश की खबर है। अब तक 40 से भी ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इस बीच, सिक्किम में बड़ा हादसा हुआ है। यहां सैन्य शिविर पर भूस्खलन से तीन सैन्यकर्मी शहीद हो गए हैं और 6 सैनिक लापता हैं।

- असम में टूटा रिकॉर्ड, सिक्किम में सैन्य शिविर पर भूस्खलन में तीन जवान शहीद
- पूर्वोत्तर राज्यों में जून के शुरुआत में ही बारिश से हाहाकार

### लापता सैन्यकर्मियों का पता लगाने में जुटा बचाव दल

*सिक्किम के सैन्य शिविर से छह लापता कर्मियों का पता लगाने के लिए बचाव दल चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। सेना ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया है।*


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंगटोक/नई दिल्ली

पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ और बारिश कहर बरपा रही है। असम, मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में केवल तीन दिनों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 40 लोगों की मौत हो चुकी है। असम में बारिश का 132 सालों का रिकॉर्ड टूट गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के लिए एयरफोर्स और असम राइफल्स को बुलाया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले पांच दिनों तक बारिश का यही सिलसिला देखने को मिलेगा। सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट ▶▶|शेष पेज 7 पर

- मिजोरम में बारिश के कारण तीसरे दिन भी सभी स्कूल बंद

### रोजाना 100 मिमी से अधिक बारिश के मामले बढ़े

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2000 से 2020 तक असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में 100 मिमी प्रति दिन से अधिक बारिश के मामलों में 33 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। बारिश में ऐसी अनियमितता पूरे क्षेत्र की संरचना के लिए घातक है।



### मणिपुर में ऐसे हालात

*भारी बारिश ने मणिपुर में कहर बरपाया है। बाढ़ से 19,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। पिछले चार दिन से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ से 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 19,811 लोग प्रभावित हुए हैं। लोगों को घरों और प्रभावित इलाकों से निकाल कर 31 राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। ये राहत शिविर अधिकतर इंफाल ईस्ट जिले में बनाए गए हैं।*

### ये हुए शहीद


*सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से छातेन इलाके में हुए भीषण भूस्खलन की घटना में तीन सैनिकों की शहादत हो गई। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है।*


### पैटर्न बदला, कम समय में भारी बारिश

*जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आ गया है। मानसून के सीजन में अब यहां बेहद कम समय में तेज बारिश होती है। इसके कारण मानव निर्मित जल निकासी प्रणाली तो कम पड़ती ही है, प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली भी ध्वस्त हो जाती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि वायुमंडल के ऊपर हवा में चक्रवाती परिसंचरण और निम्नस्तरीय गर्तों का संयोजन देखने को मिल रहा है। यह अस्थिर मौसम पैटर्न को और भी बढ़ावा दे रहा है।*

# पति-पत्नी में विवाद के बाद दामाद ने ससुर को मार डाला







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी/ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में हत्या का मामला सामने आया है। गुस्से में दामाद ने अपने ससुर की हत्या तो की, साथ में दो मासूम बिल्लियों को भी मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद बिलाईगढ़ पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े को गिरफ्तार कर लिया है।

बिलाईगढ़ एसडीओपी विजय ठाकुर ने बताया कि बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र के लुकापारा निवासी आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े की शादी करीब 17 वर्ष पहले उनके ही गांव लुकापारा रेखा बाई से हुई थी। रविवार रात 8.30 बजे में आरोपी ओम ▶▶|शेष पेज 7 पर


### दो बिल्लियों को भी काटा

बताया जा रहा है कि ससुर की हत्या के बाद जब आरोपी का मन नहीं भरा। उसने पास में बैठी दो मासूम बिल्लियों को भी धारदार हथियार से काट डाला और वहां से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी से धारदार हथियार बरामद

*घटना की जानकारी मिलते ही बिलाईगढ़ पुलिस थाना प्रभारी शिवकुमार धारी और फॉरेंसिक की टीम डॉ. निरंजर साहू के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और बारीकी से जांच की। आरोपी के निशानदेही पर धारदार हथियार को भी बिलाईगढ़ पुलिस ने बरामद किया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े को भी गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। फिलहाल बिलाईगढ़ पुलिस आगे की जांच कार्रवाई में जुटी है।*

# अयोध्या में फिर गूंजेगा वैदिक स्वर, 5 को राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| अयोध्या

अयोध्या की पावन रामनगरी एक बार फिर ऐतिहासिक पल की साक्षी बनने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण में एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है। 3 जून से 5 जून तक राम दरबार सहित अन्य देवालयों की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस धार्मिक महोत्सव का समापन 5 जून को अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम के दरबार की प्रतिष्ठा के साथ होगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 2 जून को सरयू तट से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें करीब 400 महिलाओं ने भाग लिया।

### वैदिक आचार्यों द्वारा सम्पन्न होगा अनुष्ठान

प्राण प्रतिष्ठा का यह अनुष्ठान चंदौली जिले के प्रसिद्ध पंडित जयप्रकाश की अगुवाई में 101 वैदिक आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जाए। कार्यक्रम पूरी तरह वैदिक विधियों के अनुसार होगा। इसमें रामनगरी के प्रमुख संतों व आचार्यों की सहभागिता भी रहेगी।

### स्वर्ण शिखर के साथ पहला राम मंदिर

यह भारत का पहला ऐसा राम मंदिर होगा जिसका शिखर स्वर्ण से सुशोभित किया गया है। भगवान श्रीराम, जो वर्षों तक टेंट में रहे। अब भव्य मंदिर में विराजेंगे। स्वर्ण शिखर सनातन परंपरा में समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी शरद तिवारी ने बताया कि यह आयोजन फिलहाल संक्षिप्त रूप में हो रहा है। नवंबर या दिसंबर में एक और बड़ा आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें भव्य स्तर पर उत्सव मनाया जाएगा।

### प्राण प्रतिष्ठा का शेड्यूल

3 जून को सुबह 6:30 बजे से अनुष्ठान की शुरुआत होगी, जो शाम 6:30 बजे तक चलेगा। इसी प्रकार 4 जून को भी दिनभर अनुष्ठान चलते रहेंगे। 5 जून को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक अनुष्ठान होंगे, जिसके बाद दोपहर 1:25 से 1:40 बजे के बीच अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत रूप से की जाएगी। इसके साथ-साथ सूर्य मंदिर, जानकी माता मंदिर और हनुमान मंदिर की मूर्तियों की भी स्थापना की जाएगी।

*पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत को रूस से मिली गुड न्यूज...*

# अगले साल 2026 तक मिल जाएगी एस-400 सिस्टम की बची हुई खेप!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की रक्षात्मक कार्रवाई के बाद से सीमा पर पाकिस्तान के साथ बने हुए तनाव के बीच रूस से एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें नई दिल्ली में रूस के दूतावास में तैनात उप-राजदूत रोमन बाबुश्किन ने कहा कि भारत को एस-400 हवाई रक्षा मिसाइल प्रणाली की पांच में से बाकी बची हुई दो रेजीमेंट की खेप अपने निर्धारित समय पर अगले साल 2026 तक मिल जाएगी। यह जानकारी बाबुश्किन ने एस-400 हवाई रक्षा ▶▶|शेष पेज 7 पर



### दुश्मन के सभी वार पर भारी पड़ा 'सुदर्शन चक्र'

गौरतलब है कि एस-400 को भारत में सुदर्शन चक्र की संज्ञा दी गई है, जिसने पिछले महीने 7 से 10 मई के दौरान पाकिस्तान की तरफ से किए गए ड्रोन और मिसाइलों के हमलों को तुरंत नाकाम करने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### 2018 में हुआ 5.43 बिलियन का समझौता

भारत ने वर्ष 2018 में रूस के साथ कुल पांच एस-400 हवाई रक्षा प्रणालियों की खरीद के लिए कुल करीब 5.43 बिलियन डॉलर के एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तीन रेजीमेंट भारत को मिल चुकी हैं, जिसमें पहली वर्ष 2021 में और दूसरी व तीसरी क्रमशः 2022 और 2023 में सौंपी गई थी।

**175 यात्रियों की अटकी रही सांसें**

# 4000 फीट की ऊंचाई पर विमान से टकराया गिद्ध, इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶| रांची

इंडिगो की एक उड़ान के करीब 175 यात्री सोमवार को तब बाल-बाल बच गए, जब विमान को गिद्ध से टकराने के बाद आपात स्थिति में यहां बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतारा गया। अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, जबकि विमान एयरबस 320 को नुकसान पहुंचा है। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने बताया, रांची के पास इंडिगो की एक उड़ान से गिद्ध टकरा गया।



### रांची एयरपोर्ट से 10 से 12 नॉटिकल मील दूर

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के डायरेक्टर आरआर मौर्य ने कहा, यह घटना के दौरान फ्लाइट एयरपोर्ट से करीब 10 से 12 नॉटिकल मील दूर और करीब तीन से चार हजार फीट की ऊंचाई पर थी। उन्होंने कहा, इंडिगो का विमान पटना से रांची आ रही थी। इस दौरान विमान के गिद्ध के टकराने के बाद विमान के पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग की घोषणा की थी।

## यूनुस सरकार ने शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीरें हटाईं

# बांग्लादेश की नई करेंसी में हिंदू-बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। बांग्लादेश में नए बैंक नोट जारी किए गए हैं। खास बात यह है कि इन नोटों पर शेख हसीना के पिता व बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। बांग्लादेश की नई करेंसी नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों के साथ-साथ देश के ऐतिहासिक स्थलों को भी छापा गया है। बांग्लादेश के यूनुस प्रशासन ने शेख मुजीबुर रहमान की यादों को मिटाने का एक नया सिलसिला शुरू कर दिया है। बांग्लादेश में अब शेख मुजीब की तस्वीरों वाले बैंक नोट छपना बंद हो गए हैं।

### तीन अलग-अलग मूल्य के नोट

इसी सिलसिले में बांग्लादेशी बैंक ने अभी तक तीन अलग-अलग मूल्य के नोट जारी किए हैं। खान ने कहा, नए बांग्लादेशी नोट केंद्रीय बैंक के मुख्यालय से जारी किए जाएंगे इसके बाद इन्हें देश भर के अन्य कार्यालयों से भी जारी किया जाएगा। इसके बाद नए डिजाइन वाले अन्य मूल्य वर्गों के नोटों के धीरे-धीरे करके जारी किया जाएगा।



### इनकी तस्वीरें शामिल

रिपोर्ट के मुताबिक इन नोटों पर छपने वाली तस्वीरों में हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें, इसके अलावा जैनुल आबेदीन की कलाकृति और 1971 की लड़ाई में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने वाले राष्ट्रीय शहीद स्मारक की तस्वीरें शामिल होंगी।

### इन देशों में देवी-देवताओं की तस्वीर

**इंडोनेशिया :** यहां की करेंसी पर भगवान गणेश की तस्वीर छापी जाती है। हालांकि, यहां सिर्फ 20,000 के नोट पर भगवान गणेश की तस्वीर छापी जाती है।

**थाईलैंड :** थाईलैंड की करेंसी पर हिंदू देवताओं को जगह दी गई थी। वर्ष पर 2011 में 20 बहत का सिक्का जारी किया गया था। इसमें त्रिमूर्ति यान ब्रह्मा, विष्णु और महेश की तस्वीरों को उकेरा गया था।

**संयुक्त राज्य अमेरिका :** 2001 में महर्षि महेश योगी से जुड़े एक एनजीओ ने राजा राम मुद्रा लॉन्च की थी। हालांकि, इसका इस्तेमाल सिर्फ आश्रम के अंदर ही होता था।

## चिंतन

# यूक्रेन के प्रहार से रूस संग शांति उम्मीद क्षीण

दुनिया के प्रमुख देशों के प्रयासों के बावजूद यूक्रेन और रूस के बीच तीन वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध को खत्म कराने में सफलता नहीं मिली। वैश्विक संगठन के तौर पर संयुक्त राष्ट्र भी कोई सक्रिय भूमिका नहीं निभा सका। आज रूस व यूक्रेन जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेन के अब तक सबसे बड़े हमले रूस में घुस कर करने के बाद रूस की ओर से भीषण जवाबी हमले का खतरा बढ़ गया है। इसमें रूस वारहेड हमला कर सकता है या परमाणु अटैक कर सकता है। ऐसा होता है तो हमले के बाद विनाश यूक्रेन तक ही सीमित नहीं होगा, यह यूरोप को प्रभावित कर सकता है। खास बात यह है कि यूक्रेन ने यह हमला तुर्किये में दोनों देशों के बीच प्रस्तावित शांति वार्ता से ठीक एक दिन पहले किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमीर जेलेंस्की ने तर्क दिया हे कि अब रूस वार्ता की टेबल पर आने के लिए मजबूर होगा। लेकिन इसकी उम्मीद इसलिए कम प्रतीत हो रही है, क्योंकि रूस इस युद्ध को लेकर कभी दबाव में नहीं रहा, अमेरिका और यूरोप के प्रमुख ताकतवर देशों के खुले तौर पर यूक्रेन के साथ होने व उन्हें आर्थिक व सैन्य मदद करने के बावजूद रूस पिछले तीन वर्ष से अपने दम पर युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा भी कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध खत्म कराने के दावे भी फुस्स साबित हुए हैं। अमेरिका ने सऊदी अरब में रूस व अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता जरूर कराई, लेकिन जेलेंस्की के साथ ट्रंप के अराजनयिक रवैये के चलते और यूरोप के अमेरिकी कैंप से छिटक कर यूक्रेन संग जाने के चलते युद्ध खात्मे की उम्मीद धराशायी होती गई। अब तो ट्रंप अपने दावे को लेकर कोई बात तक नहीं कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता के लिए सोमवार को तुर्किये में एकत्रित हुए। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने कहा कि रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव के नेतृत्व में यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बैठक के लिए इस्तांबुल में है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेदिंस्की के नेतृत्व में रूसी प्रतिनिधिमंडल रविवार शाम को तुर्किये पहुंच गया था। लेकिन रविवार रात में ही यूक्रेन ने 'ऑपरेशन स्पाइडर वेब' के जरिये रूस के अंदर करीब 4000 किलोमीटर तक घुस कर रूस के कई फाइटर जेट (40 से अधिक) पर महाप्रहार कर नष्ट कर दिया। ऐसे सूरते हाल में युद्ध को समाप्त करने की दिशा में रूस व यूक्रेन के बीच इस वार्ता में किसी भी प्रगति की उम्मीद क्षीण है। यूक्रेन का रूस पर महाप्रहार वर्ष 1941 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका पर जापान द्वारा किया गया पर्ल हार्बर जैसा अचानक व भीषण है। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर एटम बम गिराया था। रूस अगर बदला लेता है तो इस बार ऐसे खतरे के निशाने पर यूरोप है। रूस ने वारहेड जैसा कोई कदम उठाया तो तीसरे विश्वयुद्ध के छिड़ने का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। यूक्रेन व रूस के बीच नए तनाव के बाद इस जंग के जल्द खत्म होने के आसार क्षीण हो गए हैं, तुर्किये में वार्ता भी महज औपचारिक रह गई। रूस के राष्ट्रपति पुतिन को समझदारी दिखानी होगी, किसी भी नए विनाश का रास्ता चुनने से पहले वैश्विक शांति और मानव कल्याण के ध्येय को आगे रखना होगा। यूं तो दो दो विश्वयुद्ध दुनिया झेल चुकी है, लेकिन इससे केवल मानवता ही हारी, किसी की जीत नहीं हुई थी। अभी भी रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से मानवता ही हार रही है। परमाणु विनाश के उदाहरण हिरोशिमा व नागासाकी के रूप में हमारे सामने हैं।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# राफेल सौदे पर संशय के बादल

**फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। भारत सरकार द्वारा फ्रांस से 2016 में 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।**

फ्रांस की डिफेंस कंपनी डसॉल्ट एविएशन भारत को राफेल लड़ाकू विमान का कूट संकेत (सोर्स कोड) देने को तैयार नहीं है। इस कूट संकेत को नहीं देने के कारण भारत और फ्रांस के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। भारत की इच्छा थी कि इस कूट तकनीक के मिलने के बाद भारत अपनी ब्रह्मोस जैसी स्वदेशी मिसाइलें और अन्य रक्षा प्रणालियां राफेल में जोड़कर उसे बहुआयामी रूपों में इस्तेमाल कर लेगा, लेकिन कूट संकेत के बिना यह संभव नहीं है। इस कारण राफेल सौदा निरस्त भी हो सकता है। एक समय था जब फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी खूब गलबहियां डाले दिखाई देते थे। अब उसी फ्रांस ने भारत को कूट संकेत देने से मुंह फेर लिया है। यह सोर्स कोड मूल रूप में एक सॉफ्टवेयर होता है। इससे पहले भी भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान इंजन कावेरी के लिए फ्रांसीसी कंपनी ने भारत को मदद से मना कर दिया था।

किसी भी विमान या कंप्यूटर आधारित संचार प्रणाली से जुड़े विमान या उपकरण के लिए कूट संकेत प्रोग्रामर द्वारा तैयार किया जाता है। इसी के दर्ज होने पर कंप्यूटर प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। यानी कंप्यूटर कूट संकेत या सोर्स कोड किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम की नींव होता है। दरअसल प्रोग्रामर का सोर्स कोड निर्देशों का एक ऐसा समूह होता है, जो प्रोग्राम को संचालित करने का काम करता है। सोर्स कोर्ड लिखने की प्रक्रिया को आमतौर पर कोडिंग या प्रोग्रामिंग कहते हैं। इसी कोड को फ्रांस ने देने से मना कर दिया है। नतीजतन भारत ने फ्रांस से जिन 26 राफेल मरीन विमानों की खरीद का सौदा करने की तैयारी की है, यदि वह इन विमानों को खरीद लेता है तो इस कोड के बिना राफेल में ब्रह्मोस मिसाइल व अन्य स्वदेशी हथियारों की संचालन प्रक्रिया राफेल में लोड नहीं कर पाएगा। तब ये हथियार चलाए ही नहीं जा सकेंगे। राफेल से वही हथियार चलाए जा सकेंगे, जो फ्रांस से खरीदे जाएंगे। फ्रांस संभवतः यह तकनीक इसीलिए नहीं दे रहा है, जिससे भारत की मजबूरी फ्रांस से हथियार खरीदने की बनी रहे। यह सौदा टूटता है तो भारत इसकी जगह रूस के एसयू-57 लड़ाकू विमान खरीद सकता है। रूस विमान के साथ कूट संकेत देने को राजी है। अतएव भारत अपनी मिसाइल और अन्य मारक हथियारों को इस विमान से शत्रु पर दाग सकता है। इस नाते भारत स्वदेशी हथियारों के निर्माण में आगे बढ़ेगा। साथ ही अपने हथियारों को विदेशी बाजार में बेचने को भी स्वतंत्र रहेगा। भारत सरकार की मंषा स्वदेशी रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। इस दृष्टि से भारत ने वायुसेना के लिए पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक डीप पेनिट्रेशन एडवांस मीडियम काम्बैट एयरक्रॉफ्ट (एएमसीए) को स्वदेश में ही विकसित करने की बड़ी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना को अंजाम देने का काम सरकारी और निजी कंपनियों को संयुक्त भागीदारी से आगे बढ़ेगा और पांचवीं पीढ़ी के आधुनिक लड़ाकू विमानों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। वस्तुतः सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) सरकार से सरकार के बीच



सौदे के तहत 64 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम (मैरी टाइम) विमानों की खरीद को अंतिम रूप दे चुकी है। इन्हें विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सुरक्षा के लिए खरीदा जा रहा था। इनमें 22 एक सीट वाले और 4 दो सीट वाले लड़ाकू विमान खरीदे जाते। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप के बीच इन विमानों को खासतौर पर भारतीय नौसेना के लिए डिजाइन किया गया था। राफेल विमानों की इस खरीद में फ्रांस सरकार की ओर से नौसेना के लिए हथियार, सिम्युलेटर, कलपुर्जे, सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स और पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जाना शामिल था। डसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित इन राफेल एम विमानों की अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद 37 से 65 महीनों के भीतर सप्लाई होनी थी। यानी सभी विमानों की आपूर्ति 2030-31 के भीतर हो जाएगी। यह विमान भारतीय नौसेना के परिचालन जरूरतों पर पूरी तरह से खरा उतरा तब इसकी खरीद को मंजूरी दी गई है। फ्रांस से 36 पूर्व में भी राफेल विमान खरीदे जा चुके हैं, लेकिन अब कूट संकेत नहीं देने के कारण यह सौदा निरस्ती की कगार पर पहुंच गया है।

यह समुद्री लड़ाकू विमान नौसेना की जरूरतों के हिसाब से ही विकसित किया गया है। इसमें वे सभी आधुनिकतम समुद्री प्रणालियां संलग्न थीं, जिनसे समुद्र में दुश्मन और उसके समुद्री जल में भीतर चलने वाले उपकरणों का सुराग लगाया जा सकता है। इसमें युद्धपोतों के अलावा पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए भी उच्च तकनीकी क्षमता के रडार लगे हुए थे। ऐसे विमानों की तलाश में भारत लंबे समय से था, क्योंकि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन नाजायज वर्चस्व बढ़ाने में लगा है। चीन अंतरराष्ट्रीय नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। फ्रांस की मंशा भी इस सागर को खुले और समावेशी क्षेत्र के रूप में सुरक्षित बनाए रखने की रही है। एक तरह से इन विमानों के सौदे को चीन की मनमानी के विरुद्ध भारत और फ्रांस की साझा रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा था। भारत ने 2016 में भी 36 राफेल विमान खरीदे थे। ऑपरेशन सिंदूर में इन विमानों ने अपनी विलक्षण युद्ध क्षमता दिखाकर भारत की वायु शक्ति का परचम पूरी दुनिया में फहराया। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी, जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। भारत सरकार पिछले पांच साल से आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान खरीदने की योजना पर विचार कर रही थी। तीन साल पहले अमेरिकी बोइंग एफ-ए 18 सुपर हार्नेट और फ्रांसीसी राफेल-एम में से किसी एक को चुनने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया था। भारतीय नौसेना ने 2022 में गोवा में दोनों विमानों के परीक्षण किए। इनकी खूबियों और खामियों को लेकर गंभीर अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के बाद भारतीय रक्षा विशेषज्ञों ने राफेल-एम को आईएनएस विक्रांत की जरूरतों के अनुकूल पाया, जबकि बोइंग एफ-ए 18 को लेकर विशेषज्ञों के बीच एक राय नहीं बन पाई थी, इसलिए राफेल एम खरीदने का रास्ता खुल गया था, किंतु अब भारत रूसी लड़ाकू विमान एसयू-57 को खरीदने का विचार कर रहा है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन एसयू-57 लड़ाकू विमान की प्रौद्योगिकी और सोर्स कोड भारत को देने को तैयार हैं। रूसी कंपनी कह चुकी हैं कि वह न सिर्फ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को, बल्कि भारत में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के लिए भी तैयार है। अभी तक पश्चिमी देशों की तुलना में वह रूस ही है, जो भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त रहा है। 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में रूस ने ही अपना जहाजी बेड़ा भारतीय समुद्र में भेजकर भारत का आत्मबल बढ़ाने का काम किया था। फलतः भारत ने न केवल पाकिस्तान का भूगोल बिगाड़कर नया देश बांग्लादेश बनवाया, साथ ही 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार डलवाकर दुनिया का सबसे बड़ा सैनिक समर्पण भी कराया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ट्रेन पलटाने का षड्यंत्र

विकेश कुमार बडोला




# रेल मार्ग की सुरक्षा मजबूत हो

ऑपरेशन सिंदूर की गंभीरता और विजयी प्रतिष्ठा को अनावश्यक विवाद का विषय बनाते हुए विपक्ष व देशद्रोहियों द्वारा पाक के साथ अल्पसंघर्ष की समयावधि में अपनी युद्धक हानियों के बारे में पड़ताल करने की मंशा भितरघातियों को देश के वर्चस्व के विरुद्ध षड्यंत्र करने के लिए उकसा रही है। इस का नवीनतम उदाहरण है दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर बलवा गांव के समीप ट्रेन पटरी पर दुर्घटना के मकसद से रखा गया 12 फुट लंबा लोहे का पाइप। 31 मई को रात 10.30 बजे का समय था, जब ट्रेन चालक ने दूर से ही पटरी पर रखा हुआ पाइप देख आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। इस घटना में चालक के सेवा-दायित्व भाव, सतर्कता, सूझबूझ और मानवीयता के गुणों ने बड़ी रेल दुर्घटना होने से रोक दी। रेलवे विभाग, पुलिस और संबंधित विभागों को घटना की सूचना मिलते ही सभी अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हो गए। प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला है कि लोहे का पाइप पास ही के किसी नलकूप से उखाड़ा गया है। अधिकारियों ने इस आशंका को नकारा भी नहीं है कि पाइप को ट्रेन पलटाने के मकसद से रखा गया हो। कुछ अधिकारियों ने यह संदेह भी व्यक्त किया है कि संभवतः चोरी के बाद पाइप को गलती से पटरी पर रख दिया गया हो। पुलिस और रेलवे अधिकारियों को घटना की पूरी जांच करने के बाद ही मीडिया में वक्तव्य देने चाहिए। जांच में यह बिंदु सम्मुख अवश्य रखना चाहिए कि ट्रेन को पलटाने और लोगों को मारने के मकसद से ही ऐसा किया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह पहली बार नहीं हो रहा। ऐसे षड्यंत्रों के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई भी हैं। उड़ीसा के बालासोर और पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के समीप 2 जून 2023 को रात्रि 7 बजे हुई घटना हाल ही की बड़ी रेल घटना है, जिसमें वेस्ट बंगाल कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी में भीषण टक्कर हो जाने के कारण कई लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। हालांकि रेल कार्यक्रम के आरंभिक और अंतिम अनुरक्षण की दिशा में विगत दस वर्षों में अत्यंत नवोन्नत प्रगति दिखाई दे रही है। इस समयावधि में रेलवे ने हर दृष्टि से विश्वस्तरीय उन्नति की है किंतु निर्जन स्थानों, जंगलों और नगर-महानगरों से सुदूर एकांत स्थानों पर रेल पटरियों की अपेक्षित रक्षा-सुरक्षा अभी भी चुनौतियों से घिरी हुई है। विगत दस वर्षों में ऐसा अनेक बार हो चुका है, जब चलती ट्रेनों को षड्यंत्रपूर्वक विपथ करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए। इस कारण कई ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त भी हुईं। इनमें कई सौ लोगों की मृत्यु हुई। अनेक घायल हुए। यह बड़ी षड्यंत्रपूर्वक की गईं घटनाएं हैं, जो अनुभव देती हैं कि अमानवीयता की पराकाष्ठा लांघ चुके षड्यंत्रकारियों की ढूंढ-पहचान कर इन्हें त्वरित मृत्युदंड दे दिया जाना चाहिए। दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस के मार्ग की पटरी पर लोहे का बड़ा पाइप रखा हुआ पाया जाना गलती नहीं है। यह तो शत-प्रतिशत षड्यंत्र है। इस षड्यंत्र के तार घूमफिर कर पाकिस्तान से जाकर मिलते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में आमने-सामने के युद्ध में भारत द्वारा परास्त पाकिस्तान और देश के भीतर छिपे उसके समर्थकों के भीतर प्रतिशोध की अग्नि भड़की हुई है, जो उन्हें कभी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रश्नचिह्न लगाने के लिए उकसा रही है तो कभी भारत के विरुद्ध जासूसी करने के लिए दुष्प्रेरित कर रही है। ट्रेनों को पलटाने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र करना ऐसे देशघातियों के लिए सुगम और आसान काम रहा है। दूर-दराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को रात्रि के अंधेरों में फोड़फाड़ कर षड्यंत्रकारी कभी पटरियों के पेच-पुर्जे खोल देते हैं, कभी ट्रैक की किसी वस्तु को यहां-वहां खिसका देते हैं। हालांकि महाकुंभ की समयावधि में रेलवे पर आए सुरक्षा दायित्वों के आलोक में दूरदराज के क्षेत्रों में रेलवे मार्गों की सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में देशभर के स्थानीय ग्रामीणों ने रेलसाथी बनकर मार्गों की सुरक्षा का स्वैच्छिक दायित्व उठाया था, लेकिन चूंकि भारतीय रेल मार्ग बहुत बड़े हैं, इसलिए रेलसाथियों द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वैच्छिक सुरक्षा सेवाएं भी तब निष्फल लगती हैं। शासन को रेलवे की सुरक्षा के लिए यह बिंदु प्रमुखता से सम्मुख रखना होगा कि जब तक भारत के दाएं-बाएं शत्रुता के दुर्भाव से भरे हुए देश हैं और जब तक भारत के भीतर द्रोहियों की उपस्थिति बनी रहती है, तब तक न सीमाओं पर शांति होगी और न ही भीतर लोग सुरक्षित होंगे। इस संदर्भ में रेलवे पुलिस की कार्यशक्तियों में वृद्धि करने का निर्णय लिया जा सकता है। इसके अंतर्गत रेलवे पुलिसिंग को नवोन्नत रक्षा उपकरणों से सुसज्जित किया जा सकता है। रेलमार्गों की सुरक्षा के लिए जरूरी यह है कि संभावित दुर्घटना के संबंध में पूर्व जानकारी प्राप्त करने की कार्यशालाएं चलाई जाएं ताकि रेलवे को अचूक सुरक्षातंत्र द्वारा शक्तिबंध किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं-यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।


# मंत्र का असर



संकलित
**प्रेरणा**

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## अंतर्मन




## आज की पाती

**सर्वनाश की ओर पाकिस्तान**

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों के कातिलाना हमले ने देश को एक बार फिर झकझोर कर रखा दिया है। भारत स्थिति के सामान्य होने की भ्रांति में कुछ बेफिक्र होते ही आतंकवादी मौके का लाभ उठाकर चुन-चुन कर सैलानियों का कत्ल कर नौ दो ग्यारह हो गए। बात वही कि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। यही क्रम बार-बार आवृत्त होता है। लगता है शत्रु हमें धता बता कर चलता बनता है। यहां पूर्व के तीन निर्णायक भारत-पाक युद्धों की सार्थकता युक्तियुक्त प्रतीत होती है। शत्रु जानता है आमने-सामने की लड़ाई में वह नहीं ठहर पाता। अत: वह छद्म युद्ध कर भारत को बहुत अधिक हानि पहुंचा चुका है। **- विक्रांत जोशी**, धमतरी

## करंट अफेयर

# रूस को संदेश देने के लिए रक्षा खर्च बढ़ाएगा ब्रिटेन

रूस को संदेश देने के लिए ब्रिटेन परमाणु ऊर्जा से संचालित नयी हमलावर पनडुब्बियां बनाएगा और यूरोप में युद्ध के लिए तैयार सेना का गठन करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने तीन दशक से अधिक समय पहले शीत युद्ध की समाप्ति के बाद ब्रिटेन की रक्षा नीति में सबसे बड़े बदलाव करने का संकल्प लेते हुए कहा कि लंदन "रूस से उत्पन्न खतरे को नजरअंदाज नहीं कर सकता।" स्टॉर्मर ने 'बीबीसी' से कहा, "हमें यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया बदल गई है। आज पिछले कई वर्षों से कहीं ज्यादा अस्थिरता और खतरे हैं।" ब्रिटिश सरकार को स्टॉर्मर की ओर से ब्रिटेन के पूर्व रक्षा सचिव एवं नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन के नेतृत्व में की गई रणनीतिक रक्षा समीक्षा पर सोमवार को प्रतिक्रिया देनी है। यह 2021 के बाद अपनी तरह की पहली समीक्षा है, जो 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच हुई है। ब्रिटिश सरकार ने कहा है कि वह समीक्षा में की गई सभी 62 सिफारिशों को स्वीकार करेगी, जिनका मकसद जमीन, हवा, समुद्र और साइबरस्पेस में बढ़ते खतरों का मुकाबला करने में ब्रिटेन की मदद करना है।



## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती

हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है - जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं तो स्तर अधिक होता है। पिछले शोध ने सुझाव दिया है कि एक मजबूत कोर्टिसोल जागृति प्रतिक्रिया - जागने के बाद होने वाली कोर्टिसोल में तेज वृद्धि - नींद की जड़ता में कमी से संबंधित है। इसके अलावा, चूंकि झपकी लेने वाले प्रतिभागी दोबारा गहरी नींद में नहीं सोए, इससे उनके नींद से जागने की संभावना पर और असर पड़ा होगा। कई अध्ययनों से पता चलता है कि गहरी नींद की तुलना में हल्की नींद से जागना आसान होता है। हालाँकि ये निष्कर्ष उन लोगों के लिए राहत के रूप में आ सकते हैं जो उठने से पहले बार-बार झपकी लेते हैं, लेकिन हमारे शोध का मतलब यह नहीं है कि जागने का यह तरीका हर किसी के लिए इष्टतम है।



## ट्रेंड

### एथलीटों को शुभकामनाएं

भारत को हाल ही में दक्षिण कोरिया में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है। हर एथलीट क दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एथलीटों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### जरूरतमंद को तुरंत मदद मिले

पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुई जनहानि की खबर अत्यंत दुखद है। मैं केंद्र और राज्य सरकारों से अपील करता हूं कि हर जरूरतमंद तक तुरंत सहायता पहुंचाई जाए।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष



### त्याग की भावना जरूरी

आपको आनंदित होने के लिए दुनिया को ठीक करने की ज़रूरत नहीं है, आनंदित होने के लिए, आपको त्याग की भावना की ज़रूरत है, खुद को त्यागना-यहां सिर्फ़ जीवन के एक हिस्से के रूप में रहना, बिना किसी 'मैं कौन हूं' की भावना के।

-सद्गुरु, आध्यात्मिक गुरु



### देविका को बदले में क्या मिला

9 साल की उम्र में, उसने 26/11 के हमलों में गोलियों का सामना किया। उसने आंखों में आंखें डालकर अजमल कसाब को फांसी पर चढ़ाने की गवाही दी। देविका रोटावन को बदले में क्या मिला? कोई नौकरी नहीं। कोई सहारा नहीं। सालों तक कोई घर नहीं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई शांति वार्ता, जेलेंस्की बोले- बिना शर्त संघर्षविराम का प्रस्ताव दिया

यूक्रेन के राष्ट्रपति यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज़ हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।


**1** वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना

**2** शुरुआत में 30 दिनों का युद्धविराम कैदियों की अदला-बदली का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तीन साल से जारी जंग और रूस की धरती पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बीच शांति की नई कोशिश को एक नया मौका मिल रहा है। यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधि सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने बैठें। यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब रविवार को यूक्रने ने रूस के भीतर कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए गए हैं। कम से कम 40 रूसी विमानों को तबाह कर दिया गया। सिर्फ यूक्रेन ही नहीं, रूस ने भी यूक्रेन पर अपने अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें 340 से ज़्यादा नागरिक मारे गए। वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना है, जिसमें शुरुआत के तौर पर 30 दिनों का युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, और रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों से यूक्रेनी बच्चों की वापसी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस वार्ता से कुछ खास प्रगति की उम्मीद नजर नहीं आ रही। हालांकि, इस प्रस्ताव के अगले चरण में राष्ट्रपति जेलेंस्की और राष्ट्रपति पुतिन की सीधी बैठक का भी प्रस्ताव है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने बताया कि रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेंजिस्की ने रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

**यूक्रेन से मिले जख्मों को भूल पुतिन ने तुर्की भेजी टीम**



## एजेंडा स्पष्ट हो तभी वार्ता सार्थक रहेगी

जेलेंस्की ने साफ़ किया है कि बिना स्पष्ट एजेंडे और गंभीर तैयारी के ऐसी बैठकें महज दिखावा हैं। उन्होंने तुर्की के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। जेलेंस्की का आरोप है कि रूस अब तक सीज़फायर की अपनी शर्तें पेश करने में विफल रहा है, जबकि यूक्रेन ने पिछले हफ्ते ही अपना प्रस्ताव सौंप दिया था। उन्होंने रूस की चुप्पी को 'एक और धोखा' बताया।

### यूक्रेन ने रूस को तर्कसंगत-यथार्थवादी प्रस्ताव भेजा

*जेलेंस्की ने कहा कि हम अभी भी पूर्ण और बिना शर्त संघर्षविराम (सीजफायर) का प्रस्ताव दे रहे हैं। ऐसे सभी तार्किक और सम्मानजनक कदमों की पेशकश भी कर रहे हैं। इससे एक स्थायी और विश्वसनीय शांति की ओर बढ़ा जा सकता है। रूस को हमने जो प्रस्ताव भेजा है वह तर्कसंगत और यथार्थवादी है। रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।*

### रूस को युद्ध में भारी नुकसान तभी पुतिन राजी

*जेलेंस्की बोले बड़े पैमाने पर रूसी विमान नष्ट किए गए हैं, जिससे रूस को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। रूस को यह समझ में आ जाएगा कि उसे युद्ध में भारी नुकसान हो रहा है, तभी वह शांति और समझौते की तरफ बढ़ेगा। यही बात उसे कूटनीति की ओर धकेलेगी। उन्होंने कहा कि शांति की शुरुआत सीजफायर, मानवीय मदद, कैदियों की रिहाई और अगवा किए गए बच्चों की वापसी से होनी चाहिए। अगर रूस इन बातों को नकार देता है तो अधिक प्रतिबंध लगाएं।*

## खबर संक्षेप

### 'ठग लाइफ' रिलीज कराने हाईकोर्ट पहुंचे हासन

**बेंगुलुरू।** तमिल सुपर स्टार कमल हासन ने हाल ही में कन्नड़ भाषा की उत्पत्ति के बारे में टिप्पणी की। इसके बाद वह मुश्किल में फंस गए हैं। इस बात की आलोचना हो रही है। इसी बात को लेकर 'कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने कहा है कि जब तक कमल हासन माफी नहीं मांगते, उनकी अपकमिंग फिल्म 'ठग लाइफ' कर्नाटक में रिलीज नहीं होगी। इस बीच, कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें यह सुनिश्चित करने के निर्देश मांगे गए हैं कि फिल्म को कर्नाटक में बिना किसी व्यवधान के रिलीज होने दिया जाए। कमल हासन के प्रोडक्शन हाउस ने हाइकोर्ट में याचिका में कहा कि अभिनेता की टिप्पणी, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु और कर्नाटक के लोगों के बीच एकता और आपसी सम्मान को दर्शाना था, को गलत तरीके से लिया गया।



### पतंजलि आयुर्वेद की याचिका हाईकोर्ट से हुई खारिज

**प्रयागराज।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद की ओर से 273.5 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस के खिलाफ दायर याचिका को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस शेखर बी सर्राफ और जस्टिस विपिन चंद्र दीक्षित की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया कि क्रिमिनल ट्रायल होने के बाद ही ऐसी पेनाल्टी लगनी चाहिए। अदालत ने कहा कि टैक्स अथॉरिटीज की तरफ से जीएसटी ऐक्ट के सेक्शन 122 के तहत पेनाल्टी लगाई जा सकती है। इसके लिए क्रिमिनल कोर्ट में किसी तरह के ट्रायल की जरूरत नहीं है।



6 वर्षों में पहली बार ऐसा हो सकता है इस शिखर सम्मेलन में शामिल न हों भारतीय पीएम

# कनाडा की नई सरकार में भी खालिस्तानी हावी जी-7 समिट के लिए मोदी को नहीं भेजा निमंत्रण

**अंतिम क्षण में भेजा भी गया निमंत्रण तो भारत की ओर से विचार करने की संभावना कम**

**दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में अभी बरकरार है तनाव**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

6 वर्षों में पहली बार ऐसा हो सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वर्ष जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हों। हम आपको बता दें कि यह सम्मेलन 15 से 17 जून के बीच कनाडा के अल्बर्टा में आयोजित होना है। अभी तक कनाडा की ओर से भारत को आधिकारिक निमंत्रण नहीं आया है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के भी कनाडा यात्रा पर जाने की संभावना कम है क्योंकि सम्मेलन में इतना कम समय रह जाने के बावजूद भारत को अब तक निमंत्रण नहीं दिया गया है। साथ ही भारत को यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि ओटावा की नई सरकार खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर भारत की चिंताओं को गंभीरता से लेगी या नहीं। भारत सरकार के सूत्रों का साफ कहना है कि अंतिम क्षण में भेजे गए निमंत्रण पर भारत की ओर से विचार करने की संभावना कम है। साथ ही अंतिम समय में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम बनाने से कई तरह की परेशानियां होंगी, इसके अलावा खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा यात्रा को बाधित करने की संभावनाएं भी होंगी। वैसे भी दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में तनाव अभी बरकरार है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी संबंधों को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं। वैसे देखा जाये तो जी7 शिखर सम्मेलन से इतर किसी द्विपक्षीय बैठक से दोनों नेताओं को संबंधों को फिर से मजबूत करने का अवसर मिल सकता था।



### हालांकि अतिथि नेताओं के नाम घोषित नहीं

बता दें कि कनाडा ने अभी तक शिखर सम्मेलन के लिए अतिथि नेताओं के नाम आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किए हैं। लेकिन कनाडाई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ओटावा ने ऑस्ट्रेलिया, यूक्रेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राज़ील के नेताओं को आमंत्रित किया है। देखा जाये तो यह पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 की इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। पिछली बार उन्हें 2019 में फ्रांस द्वारा आमंत्रित किया गया था।

### ट्रूडो सरकार ने किए रिश्ते खराब

हम आपको याद दिला दें कि कार्नी के पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो ने बिना किसी ठोस साक्ष्य के भारत सरकार पर खालिस्तानी निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था, जबकि भारत ने आरोपों से इंकार करते हुए सबूत मांगे थे जोकि कभी भी नहीं दिये गये। इस विवाद के चलते दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था जिससे रिश्तों में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट आई।

### यह मिल रहे संकेत

हम आपको बता दें कि विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के इस अनौपचारिक लोकतांत्रिक मंच में भारत की भागीदारी को वैश्विक एजेंडे को आकार देने और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान में भारत की भूमिका के बढ़ते महत्व के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। लेकिन यदि इस बार भारत को निमंत्रण नहीं मिलता है तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि जस्टिन ट्रूडो और खालिस्तानियों का प्रभाव अब भी कनाडा की सरकार पर बरकरार है। हम आपको बता दें कि पिछले सप्ताह सिख अलगाववादियों ने प्रधानमंत्री कार्नी से अपील की थी कि वे भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित नहीं करें। वैसे कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने अब तक निज्जर मामले पर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन व्यापार को माध्यम बनाकर संबंधों को फिर से शुरू करने की बात करते हुए उन्होंने कहा है कि भारत के साथ संबंधों में तनाव के लिए कनाडा ज़िम्मेदार नहीं है।

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में फिर दिखे 3 संदिग्ध आतंकी

**सुरक्षा बलों ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन**

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को फिर तीन संदिग्ध आतंकी देखे गए हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है, जो अभी जारी है। सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने बताया कि कठुआ के हीरानगर इलाके में एक नागरिक द्वारा तीन संदिग्ध लोगों को देखे जाने के बाद नजदीक के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तलाशी अभियान में एक संयुक्त अभियान दल लगा हुआ है, जिसमें सेना और राज्य पुलिस बल के जवान शामिल हैं। आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों ने हीरानगर इलाके और उससे जुड़े राजमार्ग पर सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस के मुताबिक, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा बलों की टीम चौकन्ना है। जब भी कहीं संदिग्ध आतंकी देखे जाने की सूचना मिलती है, तो तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया जाता है। इसमें लोकल पुलिस की टीम भी साथ रहती है।



### चल रहा सर्च ऑपरेशन

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में फिलहाल भारतीय सेना, पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा कई क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इनमें कठुआ, किश्तवाड़ और सम्बा के जंगली इलाकों पर विषेष तौर पर फोकस किया जा रहा है।

### घाटी में व्याप्त है भय का माहौल


पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अपने मंत्रिपरिषद के साथियों और पूरे प्रशासनिक तंत्र को घाटी में यानी उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के एक रिसॉर्ट में ले गए थे और वहां बैठक की थी। ताकि भय की भावना को खत्म किया जा सके। यह बैठक दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मंत्रिपरिषद की बैठक के एक दिन बाद हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम घाटी में आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। घाटी में भय का माहौल है और पर्यटक वहां जाने से अब कतरा रहे हैं।

**मेंटेनेंस के लिए नहीं जाएंगे प्लेन**

# तुर्किये को एक और झटका, एअर इंडिया ने खत्म किया कॉन्ट्रैक्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एअर इंडिया ने अपने बोइंग 777 विमानों का मेंटेनेंस करने वाली कंपनी टर्किश टेक्निक के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया है। ये फैसला तुर्किये के पाकिस्तान को सपोर्ट करने के बाद लिया गया है। कंपनी के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने कहा, अगर मौजूदा हालात में बिजनेस जारी रखने में दिक्कत है, तो हम विकल्प तलाशेंगे। हम जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहते हैं। सीईओ ने बताया कि कुछ विमान पहले से तुर्की में मेंटेनेंस के लिए भेजे जा चुके हैं। बाकी विमानों की सर्विसिंग के लिए अब भारत सरकार की कंपनी एआईईएलएल, अबूधाबी और सिंगापुर जैसे विकल्प देखे जा रहे हैं। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया था, जिसमें टर्किश ड्रोन उपयोग किए गए थे। तभी से सरकार टर्किश कंपनियों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है।



### इंडिगो भी खत्म करेगी एग्रीमेंट

इससे पहले डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए ने कहा कि इंडिगो की टर्किश एयरलाइंस के साथ लीज ड्यूरेशन को आखिरी बार सिर्फ तीन महीने के लिए बढ़ाया जा रहा है। इसके बाद इसे बढ़ाया नहीं जाएगा। साथ ही डीजीसीए ने इंडिगो से टर्किश एयरलाइंस के साथ लीज एग्रीमेंट खत्म करने को भी कहा है। सरकार से इंडिगो की टर्किश एयरलाइंस के साथ विमान लीजिंग डील पर रोक लगाने की अपील भी की गई थी।

**राजनीतिक निष्ठाओं को लेकर 'घर के लोगों' को दिया कड़ा संदेश**

# 'क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है?' खुर्शीद का एक और बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को राजनीतिक निष्ठाओं को लेकर 'घर के लोगों' को कड़ा संदेश दिया। खुर्शीद ने भारत में राजनीतिक विभाजन पर चिंता व्यक्त की। एक्स पर पोस्ट करते हुए खुर्शीद ने लिखा, 'जब आतंकवाद के खिलाफ मिशन पर, भारत का संदेश दुनिया तक पहुंचाने के लिए, यह दुखद है कि घर में लोग राजनीतिक निष्ठाओं की गणना कर रहे हैं। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है?' खुर्शीद आतंकवाद के खिलाफ देश के एकजुट रुख को उजागर करने के लिए एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने ट्वीट कर कहा, 'लोग कहते रहते हैं, 'आप ऐसे प्रतिनिधिमंडल में क्या कर रहे हैं जिसमें भाजपा के लोग हैं। आप वहां क्या कर रहे हैं?' हम यहां क्या कर रहे हैं?



### आर्टिकल 370 का कर चुके समर्थन

खुर्शीद की यह पोस्ट ऐसे वक्त आई है जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के समर्थन में खुर्शीद की टिप्पणी पर कांग्रेस को घेरा है। पिछले सप्ताह इंडोनेशिया में थिंक टैंक और शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए खुर्शीद ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर में आई समृद्धि को खत्म करना चाहता है। बता दें, कांग्रेस ने शुरू में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के कदम का विरोध किया था। बाद में पार्टी ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी और तब से वह जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद की बहाली के मुद्दे पर असमंजस में है।

**पराग्वे के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से मुलाकात कर कहा**

# 'आतंकवाद के खिलाफ जंग में दोनों देश एक साथ खड़े'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस इन दिनों भारत यात्रा पर हैं। यहां पीएम मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पराग्वे को दक्षिण अमेरिका में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि हमारा भूगोल भले ही अलग हो, लेकिन हमारे लोकतांत्रिक आदर्श और जनकल्याण की एक ही सोच है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति सैंटियागो व उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत किया। बता दें कि पराग्वे के राष्ट्रपति तीन दिन की भारत यात्रा पर आज सुबह राजधानी दिल्ली पहुंचे थे। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति से कहा, आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में भारत और पैराग्वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

### जयशंकर ने भी की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी मुलाकात की जानकारी देते हुए जयशंकर ने दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। जयशंकर ने लिखा, भारत यात्रा की शुरुआत में पैराग्वे के राष्ट्रपति पालासिओस से मिलकर प्रसन्नता हुई। कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए उनकी सकारात्मक भावनाओं और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत पैराग्वे और दक्षिण अमेरिका क्षेत्र के साथ भारत के जुड़ाव के लिए नए रास्ते खोलेगी।







# अक्षय ने जैकलीन को खूब नचाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अभिनेता अक्षय कुमार के साथ मेट्रो में डांस करती दिख रही हैं। दोनों अपनी आगामी फिल्म 'हाउसफुल 5' के हाल ही में रिलीज हुए गाने 'फुगड़ी' डांस पर थिरकते नजर आ रहे हैं। वीडियो में अभिनेता ने जैकलीन को इतना जोर से नचाया कि उनकी कमर दुखने लगी। ये डांस देख वीडियो में मौजूद लोग हंस पड़ते हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने कैप्शन दिया है। अभिनेत्री ने लिखा, 'मुझे निश्चित रूप से अपने फुगड़ी डांस कौशल में सुधार करने की आवश्यकता है। मुझे आपसे (अक्षय कुमार) कुछ टिप्स जरूर चाहिए। 'हाउसफुल 5' की एडवांस बुकिंग अभी शुरू।' 'हाउसफुल 5' 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साजिद नाडियाडवाला के 'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की ये पांचवीं फिल्म है। इसका निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है।

लाइफ Style



# बिनीता

## ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट में मचा दिया तहलका

असम की रहने वाली बिनीता छेत्री चर्चा में है। देश की इस 9 साल की बेटी ने 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट 2025' में अपने हुनर से धूम मचा दी है। उनके शानदार परफॉर्मेंस की खूब वाहवाही हो रही है। यहां तक कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी बिनीता के मुरीद हो गए हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री ने बिनीता का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि असम की बेटी ने देश को गौरवान्वित किया है। बिनीता ने 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट' में तीसरा स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने बिनीता का जो वीडियो शेयर किया, उसमें वह शो के फिनाले के मंच पर नजर आ रही हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर बिनीता के डांस वीडियोज वायरल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि ये बच्ची 'असली सुपरस्टार' है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरका ने अपने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'शान के लिए डांस करते हुए। ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने पर हमारी अपनी बिनीता छेत्री को बहुत-बहुत बधाई। उनके प्रदर्शन ने ब्रह्मपुत्र से लेकर टेम्स तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और हम सभी को गौरवान्वित किया।'

वायरल वीडियो क्लिप में सेकेंड रनर-अप के लिए बिनीता छेत्री के नाम की घोषणा हो रही है। इस दौरान जब एंकर ने 9 साल की बिनीता से उनका अनुभव पूछा, तो वह कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूं और गर्व महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए सबसे अच्छा अनुभव है।' इसके बाद जब दर्शकों की तालियां और सीटियां गूंजती हैं, तो बिनीता हाथ जोड़कर सबका अभिवादन करती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# 40 की उम्र में पता चला था पिता का सीक्रेट

**नई दिल्ली।** अपने शानदार मार्शियल आर्ट स्किल के लिए मशहूर दिग्गज एक्टर जैकी चैन ने हाल ही में अपने बारे में एक दिलचस्प फैक्ट शेयर किया। एक्टर ने खुलासा किया कि उनके पिता असल में एक जासूस थे। 71 साल के हांगकांग के एक्टर ने हाल ही में उस अनरियल पल को याद किया जब उनके दिवंगत पिता चार्ल्स ने खुलासा किया कि उन्होंने 1940 के दशक में एक बार चीनी सरकार के लिए जासूस के रूप में काम किया था। उन्हें यह रहस्य तब तक पता नहीं चला जब तक कि वह 40 के दशक में नहीं पहुंच गए। एक दिन, मैं कार चला रहा था, मेरे पिता ने अचानक कहा, 'बेटा, मैं बूढ़ा हो गया हूं। हो सकता है कि एक दिन में सो जाउं और फिर कभी ना उठूं। मेरे पास तुम्हें बताने के लिए एक सीक्रेट है।



# इरफान को याद कर भावुक हुए जेसन श्वाट्र्जमैन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जेसन श्वाट्र्जमैन हाल ही दिवंगत एक्टर इरफान को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि वह इरफान को आज भी याद करते हैं और दुख की बात है कि वह इस दुनिया में नहीं हैं। जेसन श्वाट्र्जमैन ने फिल्म 'द दार्जलिंग लिमिटेड' में नजर आए थे। इसमें इरफान कैमियो रोल में थे, और उसी दौरान साथ काम करते हुए दोनों का अच्छा बॉन्ड बन गया था। जेसन श्वाट्र्जमैन का भारत से काफी गहरा लगाव रहा है। उनकी फिल्म 'द दार्जलिंग लिमिटेड' की शूटिंग साल 2007 में जोधपुर और उदयपुर में हुई थी। जेसन श्वाट्र्जमैन ने हाल ही 'न्यूज18' से बातचीत में एक्टर इरफान के बारे में बात की, और भावुक हो गए। जेसन श्वाट्र्जमैन ने कहा, 'मैं बहुत ज्यादा भारतीय फिल्में नहीं देखता। मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं भारतीय एक्टर्स से पूरी तरह वाकिफ हूं। लेकिन 'द दार्जिलिंग लिमिटेड' में, मुझे एक सच्चे लेजेंड के साथ काम करने का मौका मिला। यह बहुत दुखद है कि अब वह इस दुनिया में नहीं हैं। बस यह देखना था कि वह कैसे थे... कोई बात नहीं।



# 'नमक इश्क का' गाने से पहले तरस रही थीं काम को

**मुंबई।** भारतीय सिंगर रेखा भारद्वाज को साल 2006 में आई फिल्म 'ओमकारा' के 'नमक' गाने से खास उपलब्धि प्राप्त हुई। इस गाने ने उनकी जिंदगी को वापस पटरी पर लाने का काम किया था। अब गायिका ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया, जब उन्हें काम नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कहा, 'मुझे गाने के जरिए अपने उस शरारती, नटखट पक्ष को फिर से खोजने में बहुत समय लगा। जब मुझे पहली बार इसे गाने के लिए कहा गया तो मैंने अपना सारा आत्मविश्वास खो दिया था। परंतु, विशाल भारद्वाज ने मुझ पर विश्वास किया और उन्होंने एक रात मुझे इसे गाते हुए एक रिकॉर्डिंग सुनाई और कहा, 'केवल तुम ही इसे गा सकती हो।' इससे मुझे वह प्रेरणा मिली जिसकी मुझे जरूरत थी। उस समय तक, मुझे ज़्यादा काम नहीं मिल रहा था। उस गाने ने मुझे मेरी क्षमता का एहसास कराया।'



# राजा के 30 साल पूरे होने पर शेयर की पोस्ट

**मुंबई।** साल 1995 में आई फिल्म राजा की रिलीज को आज 30 साल पूरे हो गए हैं। इस रोमांटिक लव स्टोरी ने अभिनेता संजय कपूर को इंडस्ट्री में स्थापित होने में एक बड़ी भूमिका निभाई थी। यह उनकी पहली फिल्म थी जिसने उन्हें सफलता दी थी और बॉलीवुड में प्रवेश कराया था। फिल्म में संजय कपूर के साथ उस वक्त इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। अब फिल्म के 30 साल पूरे होने पर संजय कपूर ने फिल्म से जुड़ी एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की है। इसमें उन्होंने मेकर्स और माधुरी दीक्षित का खास शुक्रिया अदा किया है। संजय कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ पोस्टर्स शेयर किए हैं। जिनमें वो और फिल्म की लीड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नजर आ रहे हैं। पोस्ट में उन्होंने फिल्म के मेकर्स और माधुरी दीक्षित का उनका साथ देने के लिए आभार जताया है।

टीवी मसाला

# करणवीर को क्या हुआ कि सरेआम मांगनी पड़ गई दवाई!



**नई दिल्ली।** करणवीर मेहरा ने 'बिग बॉस 18' और 'खतरों के खिलाड़ी 14' जीतने के बाद से दर्शकों से खूब प्यार और सपोर्ट हासिल किया है। सलमान खान के शो में अपनी सफलता के बाद, उन्होंने पहली फिल्म साइन की है। वह फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए भी तैयार हैं। इसी बीच, करणवीर मेहरा ने हाल ही में 'असुरक्षा' को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। करणवीर मेहरा ने असुरक्षा के बारे में एक पोस्ट शेयर करने के लिए अपने एक्स हैंडल का सहारा लिया, उन्होंने लिखा, 'काश असुरक्षा के लिए कोई दवा उपलब्ध होती। एलोपैथी, होम्योपैथी क्योंकि मेरे पास ऐसे लोगों के लिए बस सहानुभूति है।' जब उन्होंने असुरक्षा का सामना करने की बात कही तो फैंस ने पोस्ट पर तुरंत रिएक्ट किया। एक फैन ने लिखा- भाई मत हुआ करो असुरक्षित तुम, तुमने तो बिग बॉस में स्वीकार किया था कि खुद तुम्हे असुरक्षा है। एक ने लिखा- ऐसा मेडिसिन है तो पहले खुद ट्राई कर लेना। क्योंकि, आपके सभी काम बहुत असुरक्षित और लगते हैं! एक ने लिखा- एक्टिंग के लिए भी दवा ले लेना, वो कविता देखा था, बहुत ही घटिया एक्टिंग है! एक यूजर ने कहा- जो लोग सुधार के लिए खुद पर काम नहीं कर सकते, वे हमेशा दूसरों की सफलता से ईर्ष्या करेंगे लेकिन हम जानते हैं कि क्या करना है, आप अपना काम करो और बाकी काम छोड़ दो!!

## राजन शाही अपने ही शो से चेप रहे कहानी!

नई दिल्ली। रूपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है और इसके मेकर्स अगले एपिसोड में हाई-वोल्टेज ड्रामा लाने के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। आगामी एपिसोड में एक इमोशनल



रोलरकोस्टर दिखाया जाएगा और दर्शक अंतिम मोड़ को देखकर चौंक जाएंगे, जो शाह और कोठारी परिवारों का भरोसा तोड़ देगा। आर्यन और माही की शादी में नया मोड़ आ जाता है जब आर्यन ड्रग्स के साथ पकड़ा जाता है। 'अनुपमा' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नया प्रोमो डाला है, जिसमें शाह परिवार अपने घर पर दोनों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। आर्यन कहता है कि उसे तुरंत वॉशरूम जाना है। वह एक कमरे में आता है और अपने दोस्तों का दिया हुआ ड्रग्स लेता है। इस बीच, अनुपमा सिन्दूर का डिब्बा खोजती है और एक कमरे में जाती है। वह आर्यन को देखती है, जो नशे में है और हाथ में ड्रग्स का एक पैकेट लेकर फर्श पर लेटा हुआ है और बड़बड़ा रहा है, 'क्या कमाल का माल है।' अनुपमा आर्यन को देखकर टूट जाती है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग अनुपमा के इस एपिसोड की आलोचना कर रहे हैं।

# एल्विश यादव की टीम का मेंबर कुशल तंवर बना रोडीज का विनर




**मुंबई।** कुशल तंवर ने 'रोडीज एक्सएक्स' रियालिटी शो को जीत लिया है। इनाम में लगभग 10 लाख रुपए मिले हैं और एक बाइक भी मिली है। कुशल की जीत पर एल्विश ने उन्हें गले लगाया, क्योंकि शो में वह उनकी टीम का ही मेंबर था। कुशल तंवर 'रोडीज'रियालिटी शो के 20वें विनर हैं। इस सीजन में वह एल्विश यादव की टीम में शामिल थे। इस शो को रणविजय होस्ट कर रहे थे। साथ ही नेहा धूपिया भी एक गैंग लीडर, मेंटर के तौर पर नजर आ रही थीं, उनकी टीम भी इस शो में मुकाबले में बनी हुई थी। कुशल तंवर की बात करें तो कुछ एपिसोड के बाद उन्हें टीम के मेंबर्स ने ही शो से बाहर कर दिया था। इसके बाद उनकी वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई। अपने दमखम और लगन से कुशल ने खुद को साबित किया और 'रोडीज एक्सएक्स' के विनर बन गए। एल्विश भी कुशल के साथ एक खास तरह की बॉन्डिंग शेयर करते हैं। अपने टीम मेंबर की जीत पर एल्विश यादव ने ट्विटर अकाउंट वीट भी किया है। वह लिखते हैं, 'जीत लिया, आपके प्यार और साथ के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। आप सभी के बिना अपने भाई गुल्लू (कुशल तंवर) के साथ 'रोडीज डबल क्रॉस' नहीं जीत पाता। आप लोगों से प्यार करता हूं।'

# आम आदमी के किरदार से हो गए खास

नई दिल्ली। मनोरंजन की दुनिया में अंजन श्रीवास्तव उन दुर्लभ कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने आम आदमी के किरदार को पर्दे पर इस तरीके से जिया कि वो घर-घर में प्रसिद्ध हो गए। चाहे वो टीवी की दुनिया हो या फिल्मों की, सभी में अभिनेता ने एक अलग मिशाल पेश की। लगभग चार दशकों तक उन्होंने पर्दे पर सक्रिय भूमिका निभाई।

## शुरुआती संघर्ष, फिर थिएटर से अभिनय की शुरुआत

अंजन श्रीवास्तव का जन्म 2 जून, 1948 को कोलकाता में हुआ था। कलकत्ता में पढ़ाई के दौरान अभिनेता ने थिएटर करना शुरु कर दिया था। पिता के कहे अनुसार उन्होंने बैंक में नौकरी शुरू कर दी थी, लेकिन शुरुआत से ही उनकी रूचि अभिनय में थी। इस वजह से 1967 के दौरान उन्होंने बंगाली नाटकों जैसे 'नील दर्पण', 'कायाकल्प' और 'अनवर' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद 1976 में वो अपने सपने को सच करने मुंबई आ गए और आते ही एक थिएटर ग्रुप से जुड़ गए, जहां उन्होंने कई शानदार नाटक किए।



**टीवी के इन किरदारों ने मोहा मन:** साल 1986 में अंजन श्रीवास्तव ने सईद अख्तर मिर्जा और कुंदन शाह द्वारा निर्देशित 'नुक्कड़' धारावाहिक में मनोहर दामले की भूमिका निभाई थी। इसमें उन्होंने सरकारी बाबू के रोल में दमदार किरदार निभाया था। इसके अलावा उन्हें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की किताब पर आधारित सीरियल 'भारत एक खोज' के लिए भी जाना जाता है।

## शाहरुख खान के साथ भी किया था काम

अभिनेता अंजन श्रीवास्तव साल 1988 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए धारावाहिक 'वागले की दुनिया' में नजर आए थे। इस सीरियल में उन्होंने एक कॉमन मैन की भूमिका निभाई थी, जो रोजमर्रा की परेशानियों से जूझते हैं। इसमें एक्टर ने बहुत ही ईमानदार व्यक्ति का किरदार निभाया था, जो एक सेल्स क्लर्क रहते हैं। इस किरदार से उन्हें घर-घर में पहचान मिली। साथ ही आपको बताते चलें कि इस सीरियल में एक्टर ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ भी काम किया था। इसके अलावा अभिनेता ने साल 2021 में 'वागले की दुनिया – नई पीढ़ी, नए किस्से' में भी इसी किरदार से वापसी की थी।

# किंगमेकर राज कपूर ने चमकाया इन सितारों का कॅरियर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के इतिहास की जब-जब बात होती है, उसमें राज कपूर का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है। 14 दिसंबर 1924 को जन्मे राज कपूर, भारतीय रंगमंच और फिल्म जगत के दिग्गज पृथ्वीराज कपूर के छह संतानों में सबसे बड़े थे। जब राज कपूर बड़े हो रहे थे, तब उनके पिता मूक फिल्मों के जमाने में एक मशहूर अभिनेता के तौर पर अपनी पहचान बना चुके थे। राज कपूर ने अपने पिता की विरासत को न सिर्फ आगे बढ़ाया, बल्कि उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। राज कपूर भले ही आज हमारे बीच ना हों, लेकिन उनकी दमदार शख्सियत, हरफन मौला अंदाज आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। 2 जून 1988 के दिन वो दुनिया छोड़कर चले गए थे। राज कपूर ने न सिर्फ सिनेमा में अभिनय और निर्देशन की ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि नए चेहरों को सामने लाने और उन्हें सितारा बनाने में भी खास योगदान दिया। उन्होंने कई ऐसे कलाकारों को लॉन्च किया, जिनका नाम आज भी हिंदी सिनेमा के इतिहास में दर्ज है। उनकी फिल्मों में सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि समाज की गहराई, संवेदनशीलता और सोच की परतें भी दिखती थीं। चलिए उन सितारों के बारे में बताते हैं जिन्हें राज कपूर की फिल्मों से अलग ही पहचान मिली।

## पिता के विरासत को ऊंचाइयों तक पहुंचाया









### नरगिस

राज कपूर और नर्गिस की जोड़ी ने इंडियन सिनेमा को एक नई दिशा दी। नर्गिस पहले भी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन जब उन्होंने आग और फिर बरसात जैसी फिल्मों में राज कपूर के साथ स्क्रीन शेयर किया, तो वह एक सुपरस्टार बन गईं। दोनों की जोड़ी ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन दोनों जगह चर्चाओं में रही और भले ही दोनों कभी एक ना हो पाए हो लेकिन इन दोनों का नाम आज भी एक साथ लिया जाता है।

### डिंपल कपाड़िया

साल 1973 में जब राज कपूर ने फिल्म 'बॉबी' बनाई, तो उन्होंने एक नए चेहरे को फिल्म इंडस्ट्री से मिलवाया और वो थीं डिंपल कपाड़िया। उनके किरदार की मासूमियत, ताजगी और चुलबुलेपन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। 'बॉबी' ने डिंपल को रातों-रात स्टार बना दिया और वो उस दौर की सबसे युवा और चर्चित अदाकारा बन गईं।

### मंदाकिनी

राज कपूर की आखिरी निर्देशित फिल्म 'राम तेरी गंगा मैली' में मंदाकिनी ने अपनी पहचान बनाई। फिल्म में उनका किरदार भावनात्मक, साहसी और बोल्ड था, जिसने उन्हें दर्शकों के बीच चर्चित कर दिया। इस फिल्म के बाद मंदाकिनी को न सिर्फ इंडस्ट्री में जगह मिली, बल्कि उनका नाम एक चर्चित चेहरा बन गया।

### राजेंद्र कुमार

राज कपूर ने न सिर्फ रिश्तों को निभाया, बल्कि अपने दोस्तों को मौके भी दिए। राजेंद्र कुमार को उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स में कास्ट किया और उनके कॅरियर को एक नई दिशा दी। राज कपूर के साथ काम करने के बाद राजेंद्र कुमार के लिए सफलता के नए दरवाजे खुल गए और वो इंडस्ट्री में 'जुबली कुमार' के नाम से मशहूर हो गए।

### राजकुमार

1951 में आई 'आवारा'एक ऐसी फिल्म थी जिसने सिर्फ राज कपूर को ही नहीं, बल्कि अभिनेता राजकुमार को भी पहचान दिलाई। इस फिल्म के बाद राजकुमार के लिए इंडस्ट्री में संभावनाओं के नए रास्ते खुले। वो अपने अलग अंदाज और दमदार डायलॉग डिलीवरी के लिए पहचाने जाने लगे।

### ऋषि कपूर

राज कपूर ने अपने बेटे ऋषि कपूर को भी 'बॉबी' के जरिए बॉलीवुड में लॉन्च किया। ऋषि का किरदार एक रोमांटिक युवा का था, जो आज भी क्लासिक कैरेक्टर्स में गिना जाता है। ये फिल्म ऋषि कपूर के लिए करियर की एक शानदार शुरुआत साबित हुई और उन्होंने एक लंबे समय तक रोमांटिक हीरो की छवि को सफलतापूर्वक निभाया।

### पद्मिनी कोल्हापुरे

राज कपूर ने 1978 में 'सत्यम शिवम सुंदरम' के जरिए पद्मिनी कोल्हापुरे को एक बड़ा प्लेटफॉर्म दिया। फिल्म के जरिए उन्होंने दिखाया कि मासूमियत और ग्लैमर दोनों एक साथ कैसे स्क्रीन पर जीवंत किए जा सकते हैं। इस फिल्म के बाद पद्मिनी को इंडस्ट्री में एक सीरियस एक्ट्रेस के तौर पर देखा जाने लगा।

**राज कपूर की बेहतरीन फिल्में:** राज कपूर ने श्री 420 , आवारा, संगम, मेरा नाम जोकर, बॉबी, सत्यम शिवम सुंदरम और राम तेरी गंगा मैली ' जैसी फिल्मों के जरिए समाज के अलग-अलग पहलुओं को पर्दे पर उतारा। उन्होंने समाजवादी सोच को भी फिल्मों में शामिल किया और मनोरंजन के साथ-साथ दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। उनकी फिल्मों में न सिर्फ भावनाएं होती थीं, बल्कि संदेश भी होता था।

## असम सरकार की पुशबैक नीति का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार और हाईकोर्ट जाने की सलाह दी

जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस मामले में शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। याची उच्च न्यायालय क्यों नहीं जा रहे हैं?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेश से घुसपैठ से निपटने के लिए असम सरकार की 'पुश-बैक नीति' को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस मामले में शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। यह याचिका ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन की ओर से दायर की गई थी, जिसमें असम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा- आप गुवाहाटी हाई कोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं?

### निर्वासन संबंधी याचिका अस्वीकार की
### सुनवाई और अपील का मौका मिले

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई थी कि वह असम सरकार को निर्देश दे कि फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल द्वारा किसी व्यक्ति को विदेशी नागरिक घोषित करने से पहले उचित सुनवाई और अपील का मौका दिया जाए। विदेश मंत्रालय द्वारा नागरिकता की पुष्टि के बिना किसी को भी सीमा पार न भेजा जाए। बिना कानूनी प्रक्रिया के हिरासत और डिपोर्टेशन पर रोक लगाई जाए।

### पहले निचले स्तर पर हल करें

शीर्ष अदालत ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट में अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। कोर्ट ने इस मुद्दे को स्थानीय स्तर पर हल करने की सलाह दी और याचिका को खारिज कर दिया।

### याची ने कोर्ट के आदेश का दिया हवाला

एडवोकेट अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था। याचिका में दावा किया गया है ,'उक्त आदेश के अनुसरण में असम राज्य ने विदेशी होने के संदेह वाले व्यक्तियों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। विदेशी न्यायाधिकरण के फैसले के बिना, राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के इस्तेमाल के बिना ये किया गया। याचिका में कुछ खबरों का हवाला दिया गया जिनमें एक रिटायर स्कूल शिक्षक के बारे में भी रिपोर्ट थी कि उसे कथित तौर पर बांग्लादेश वापस भेज दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद घुसपैठियों पर कार्रवाई



### 2000 बांग्लादेशियों को किया बाहर

ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने के बाद भारत सरकार ने देश में रह रहे अवैध प्रवासियों को वापस बांग्लादेश भेजने का अभियान चलाया है। अब तक लगभग 2000 से अधिक अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को सीमा पार कर उनके देश भेज दिया गया है। इसमें से अधिकतर अप्रवासी पुलिस कार्रवाई के डर से भारत- बांग्लादेश की सीमा के पास आए और अपने देश वापस लौट गए। इस अभियान की शुरुआत गुजरात से हुई, जहां बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा गया। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा, असम, महाराष्ट्र और राजस्थान ने भी इस अभियान को आगे बढ़ाया।

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड: आईपीएस रचिता जुयाल का इस्तीफा

**देहरादून।** उत्तराखंड की चर्चा में रहने वाली तेज-तर्रार आईपीएस



रचिता जुयाल पिछले दिनों अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अचानक अपनी ड्यूटी को अलविदा कह दिया जबकि उनकी सर्विस को सिर्फ 10 साल ही हुए थे। रचिता ने एक वीडियो जारी कर इस्तीफे के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। रचिता बॉलीवुड एक्टर राघव जुयाल की भाभी हैं और उनकी पहचान एक तेज-तर्रार ऑफिसर के तौर पर होती है।

### पाक का वीडियो शेयर किया, मौलाना पर केस

**महिदपुर।** उज्जैन जिले में महिदपुर नगर के एक मौलाना द्वारा सोशल



मीडिया पर पाकिस्तानी वीडियो शेयर करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई अखंड हिंदू सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत द्वारा थाने में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर की गई है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में दबिश दी है। मौलाना तुरब अली ने फेसबुक अकाउंट पर दो वीडियो शेयर किए थे, जिनमें पाकिस्तानी मौलानाओं द्वारा गोवंश की कुर्बानी से संबंधित धार्मिक बातें कही जा रही थीं।

## विदेश गए सातों डेलिगेशन से मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुनियाभर में हुई बातचीत पर लेंगे फीडबैक

**यह बैठक** 9 या 10 जून के आसपास होने की संभावना

*इस अभियान का मकसद आतंकवाद के खिलाफ दुनियाभर में सहमति बनाना और विशेष रूप से पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करना है*



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही विदेशों का दौरा कर लौटने वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। यह बैठक 9 या 10 जून के आसपास होने की संभावना है। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने विदेश दौरों की जानकारी और अनुभव प्रधानमंत्री को ब्रीफ करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया भर के 33 देशों का दौरा किया है और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष मजबूती से रखा है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात बड़े प्रतिनिधिमंडल विदेशों में गए थे, जिनका मुख्य उद्देश्य विश्व समुदाय के सामने भारत की स्थिति स्पष्ट करना था।

आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए 33 देशों का दौरा किया

अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और पूर्वी एशिया जैसे देशों का दौरा किया



### प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने भी नेतृत्व किया

प्रतिनिधिमंडल लगभग 33 देशों में, जैसे कि अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका और पूर्वी एशिया जैसे देशों का दौरा किया। प्रमुख दलों में शशि थरूर (कांग्रेस) ने अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा किया। रवि शंकर प्रसाद (भाजपा) यूरोप के प्रमुख देशों जैसे यूके, फ्रांस, जर्मनी, इटली, डेनमार्क और यूरोपीय संघ गए। शिवसेना के श्रीकांत शिंदे ने मध्य पूर्व और अफ्रीका के कुछ देशों की यात्रा की। वहीं, भाजपा के बैजयंत जय पांडा ने सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया में भारत की बात रखी। इनके अलावा सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके) और संजय कुमार झा (जदयू) ने भी विभिन्न देशों का दौरा किया।

### आतंकवाद पर पाक को बेनकाब किया

*22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नामक एक बड़ा सैन्य व कूटनीतिक अभियान शुरू किया था। इसका मकसद आतंकवाद के खिलाफ दुनियाभर में सहमति बनाना और विशेष रूप से पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करना था। इसके तहत सात सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल दुनिया के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर भारत के पक्ष को दुनिया के सामने रख रहे थे।*

### इन अनुभवों से तय होगी आगे की रणनीति

भारतीय प्रतिनिधियों ने विभिन्न देशों के अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत की और भारत के दृष्टिकोण को प्रभावशाली ढंग से पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी को इन विदेश दौरों के दौरान हुई बातचीत और प्रयासों की पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने इन प्रतिनिधिमंडलों के अनुभवों से अवगत होकर आगे की रणनीति तय करेंगे।

## मंत्री विज का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# खरगे पिटे मोहरे क्या उनसे पूछकर पीएम करेंगे काम?



हिंदुस्तान 9 अक्षरों से बना और सदा 9 ही रहेगा, पाक घटेगा

एजेंसी ⏭ अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पत्रकार वार्ता में कहा कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों पर बलूच विद्रोहियों के कब्जे के दावे पर कहा पाकिस्तान के टुकड़े होने ही हैं। पाकिस्तान 8 अक्षरों से बना जबकि हिंदुस्तान 9अक्षरों से बना है। 9 को जितना भी गुणा करें वह 9 रहेगा, उदाहरण के तौर पर 9दुनी 18 में यदि 1 और 8 को जोड़ लिया जाए तो वह 9 ही रहेगा। पाकिस्तान 8 अक्षरों से बना, 8को यदि गुणा करें तो अंक घटते ही जाएंगे। उन्होंने कहा कि 25 साल के बाद पाकिस्तान आधा हो गया और 50 साल के बाद यह और आधा हो जाएगा। पाकिस्तान ने तो घटना ही है। पीओके और बलूचिस्तान की जो स्थिति है वह इस ओर इशारा कर रही है कि पाकिस्तान के टुकड़े शुरू होने का काम शुरू हो चुका है। विज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### पीएम सीधे जनता तक पहुंच रहे

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान कि प्रधानमंत्री को चुनाव प्रचार से पीछे हटना चाहिए पर विज ने



प्रतिक्रिया दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खरगे से पूछ कर कोई काम नहीं करेंगे। खरगे तो पिटे हुए मोहरे हैं और पिटे हुए मोहरों से कभी कुछ पूछा नहीं जाता। पूछा तो सफल व्यक्तियों से जाता है और प्रधानमंत्री अपने कार्यक्रम सही बना रहे हैं और सीधा जनता तक पहुंच रहे हैं।

### केजरीवाल पिट-पिटाकर नीचे पड़े

अरविंद केजरीवाल के भाजपा को करारा जवाब देने को लेकर दिए गए बयान पर अनिल विज ने कहा कि केजरीवाल की हिम्मत की वह दाद देते हैं क्योंकि पिट पिटाकर वह नीचे पड़े हुए हैं। हर तरफ से वह रिजेक्ट हुए हैं, दिल्ली से इन्हें निकालकर फेंक दिया गया है फिर भी यह ऐसी बातें कर रहे हैं। यदि कोई कसर रह गई है तो वह भी पूरी कर देंगे।

## पुलिस अफसरों ने राजा की अंतिम रील के जरिए लोकेशन का पता लगाया

# शिलांग के डबलडेकर रूट की खाई में दस दिन बाद मिला राजा का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



शिलांग के डबलडेकर रूट की खाई में मिला शव राजा का ही है। शिनाख्त के बाद भाई ने इसकी पुष्टि की। इसके बाद खोजी दल ने आस-पास के इलाकों में सोनम की तलाश तेज कर दी है। पुलिस अफसरों ने राजा की अंतिम रील के जरिए लोकेशन का पता लगाया। शादी के बाद हनीमून में पर गए इंदौर के राजा और सोनम की तलाश कर रही टीम को डबल डेकर रूट पर एक शव मिला था। इसकी पहचान की गई। परिवार वालों ने शव की पहचान राजा के रूप में की है। शव को खाई से ऊपर लाया गया है।

### राजा ने ओशरा हिल्स के आसपास रील बनाई थी

जिस स्थान पर शव मिला है, उसके आसपास खोजी दल ने अभियान और तेज किया है, ताकि सोनम के बारे में जानकारी मिल सके। पुलिस अफसरों ने राजा की अंतिम रील के जरिए लोकेशन पता की। राजा ने ओशरा हिल्स के आसपास रील बनाई थी। शव भी उसी इलाके में मिला है।

**राजस्थान के 9 शहरों में दौड़ेंगी 1100 इलेक्ट्रिक बसें : जयपुर।** राजस्थान के शहरी परिवहन तंत्र में जल्द ही क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से अब प्रदेश के 9 प्रमुख शहरों की सड़कों पर कुल 1100 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## आरबीआई ने जानकारी दी

# 2 साल गुजर गए 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट 'गायब'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से 19 मई, 2023 को 2000 के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने के 2साल बीत जाने के बावजूद 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट अभी भी लोगों के पास हैं। आरबीआई की तरफ से सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा वापस लेने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ मूल्य के 2000 के नोट प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। 2000 के बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अभी भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों या क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध है। आरबीआई के कार्यालय में भेज सकते हैं।

## होटल में सेक्स-रैकेट चला रहा नेता गिरफ्तार

# असम की युवती बोली-नौकरी के नाम पर गंदे काम में धकेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

शहर में एक नेता अपने साथी के साथ मिलकर होटल की आड़ में सेक्स रैकेट चला रहा था। असम की एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने रविवार देर रात गढ़ा क्षेत्र स्थित होटल अतिथि में छापा मारकर अतुल चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसके साथी शीतल दुबे की तलाश की जा रही है।

युवती ने पुलिस को बताया कि वह तीन साल पहले नौकरी की तलाश में जबलपुर आई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात अतुल और शीतल से हुई। दोनों ने पहले उसे होटल में रुकवाया और फिर मोटी कमाई का झांसा देकर जबरन देह व्यापार में धकेल दिया।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन
एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन
एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें
एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें
मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

## खबर संक्षेप

### सोना 330 रुपए बढ़ा, चांदी भी 100 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बाद सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 330 रुपये बढ़कर 98,930 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पहले शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### एफपीआई ने शेयर बाजार में 19,860 करोड़ रुपए डाले




**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार पर भरोसा कायम है। अनुकूल आर्थिक संकेतकों तथा मजबूत घरेलू बुनियाद के चलते एफपीआई ने मई में भारतीय शेयरों में 19,860 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं इससे पहले मार्च में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 3,973 करोड़ रुपये, फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''आगे चलकर एफपीआई भारत में अपना निवेश जारी रखेंगे।

# चीन के एक फैसले से भारत के इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्रीज में मची उथल-पुथल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री सप्लाई चेन में नई उथल-पुथल का सामना कर रहा है। टीवीएस मोटर से लेकर बजाज ऑटो, मारुति सुजुकी समेत ऑटो कंपनी के शेयर फोकस में हें। टीवीएस मोटर के शेयर में 1 फीसदी तक की गिरावट देखी गई और यह शेयर कारोबार के दौरान 2,760 पर आ गया था।

- मारुति, बजाज, टीवीएस के शेयरों में आई गिरावट

वहीं, बजाज ऑटो के शेयर में 2 फीसदी तक की गिरावट देखी गई और यह शेयर कारोबार के दौरान 8,486 रुपए पर आ गया था। मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के शेयर में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई। शेयरों में इस गिरावट के पीछे चीन का एक फैसला है।

## चीन ने रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर रोक लगा दिया है

### यहां फंस रहा पेंच

बता दें कि रेयर अर्थ मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहन मोटरों में एक महत्वपूर्ण कंपोटेंट होते हैं। इनका इस्तेमाल गाड़ियों के कई जरूरी हिस्सों में लगते हैं, जैसे-इलेक्ट्रिक मोटर,पॉवर विंडो,स्पीकर और कई ऑटो पार्ट्स में। भारत ज्यादातर ये मैग्नेट चीन से खरीदकर लाता है। हालांकि, चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट के एक्सपोर्ट पर लगाई गई पाबंदियों के बाद अब कंपनियों को शिपमेंट के लिए चीन सरकार से इजाजत लेनी होगी। भारतीय कंपनियों को चीन से मैग्नेट मंगाने के लिए 'एंड-यूज सर्टिफिकेट' देना होगा। इसमें यह बताना पड़ेगा कि यह चुम्बक सैन्य उद्देश्यों के लिए नहीं हैं। इसके बाद इन डॉक्युमेंट को नई दिल्ली में चीनी दूतावास द्वारा वेरिफिकेशन कराना पड़ेगा और कंपनियों के चीनी आपूर्तिकर्ताओं को भेजना पड़ेगा। इसके बाद चीन लाइसेंस जारी करता है।



*क्या है मामला* : *चीन द्वारा ग्लोबल रेयर अर्थ मैग्नेट सप्लाई के लगभग 90 प्रतिशत को कंट्रोल करने के साथ, तत्काल विकल्प खोजना एक चुनौती बनी हुई है। विकल्पों के लिए परीक्षण, सत्यापन और एकीकरण में समय लेने वाले निवेश की आवश्यकता होगी, जो उन्हें केवल मध्यम अवधि में व्यवहार्य बनाता है। पिछले हफ्ते, बजाज ऑटो ने अपने मार्च तिमाही के दौरान स्थिति को 'काले बादल' के रूप में बताया था और कहा था अगर मामला अनसुलझा रहता है तो अगले महीने की शुरुआत से गंभीर उत्पादन जोखिमों को पैदा कर सकता है, जबकि अब यह प्रमाणित करने के लिए एक औपचारिक प्रक्रिया लागू है कि सामग्री को सैन्य उपयोग के लिए नहीं भेजा जाएगा, चीन से शिपमेंट का भाग्य अभी भी अधर में लटका हुआ है।*

### वीएस मोटर ने जताई चिंता

चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर रोक लगा दिया गया है। इस पर भारतीय ऑटो कंपनी का प्रोडक्शन करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में देश की दिग्गज ऑटो कंपनी ने चिंता जताई है। टीवीएस मोटर के एमडी सुदर्शन वेणु ने 2 जून को बातचीत के दौरान कहा, 'प्रतिबंध का असर जून या जुलाई तक प्रोडक्शन पर दिखना शुरू हो जाएगा।' उन्होंने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट खास तौर पर प्रभावित हो सकता है। चीन से बड़े पैमाने पर मंगाए जाने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट ईवी मोटर के प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण हैं और आपूर्ति में कोई भी व्यवधान उत्पादन कार्यक्रम को पटरी से उतार सकता है।

## सूची में शीर्ष आठ स्थानों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां

# सर्वाधिक मूल्यवान वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में रिलायंस एकमात्र भारतीय कंपनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से शीर्ष 30 वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है।

'ट्रेंड्स -आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। इसमें वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने और परिवर्तनकारी प्रभाव पर विस्तार से अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट में बाजार पूंजीकरण के आधार पर वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची दी गई है।

- शीर्ष पर माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट शामिल
- ताइवान की टीएसएमसी नौवें, चीन की टेनसेंट 10वें स्थान पर
- रिलायंस 216 अरब डॉलर बाजार मूल्यांकन के साथ 23वें स्थान पर




### सूची में चीन की तीन व जर्मनी की दो कंपनियां शामिल

रिपोर्ट के अनुसार, ''2025 में, सूची में शामिल नये देशों में चीन की तीन, जर्मनी की दो, ताइवान के साथ, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और भारत की एक-एक कंपनियां इसमें हैं। सूची में ताइवान की केवल एक कंपनी...टीएसएमसी शामिल है। यह कंपनी विश्व के सर्वाधिक उन्नत सेमीकंडक्टर का 80 से 90 प्रतिशत तथा वैश्विक सेमीकंडक्टर का 62 प्रतिशत उत्पादन करती है।

*भारत में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी ऐप उपयोगकर्ता* : *रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी मोबाइल ऐप उपयोगकर्ता हैं। ओपन एआई द्वारा विकसित कृत्रिम मेधा (एआई)-संचालित चैटबॉट के मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं में से 13.5 प्रतिशत भारत में हैं। इस मामले में अमेरिका (8.9 प्रतिशत), इंडोनेशिया (5.7 प्रतिशत) और ब्राजील (5.4 प्रतिशत) से भारत आगे है।*

*एआई में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे*

*पाकिस्तान में तीन प्रतिशत इसके उपयोगकर्ता हैं। चीनी एआई ऐप डीपसीक के सक्रिय वैश्विक उपयोगकर्ताओं में भी भारत का हिस्सा 6.9 प्रतिशत है। इस मामले में चीन (33.9 प्रतिशत) और रूस (9.2 प्रतिशत) भारत से आगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, ''कृत्रिम मेधा आधुनिक परिदृश्य को बहुत तेजी से बदल रही है।*

# टेस्ला को भारत में ईवी कार बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं



- केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री कुमारस्वामी ने दी जानकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि कार विनिर्माता टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती है, लेकिन वह देश में शोरूम स्थापित करने को इच्छुक है।

- टेस्ला भारत में केवल अपना शोरूम बनाना चाह रही

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यदि टेस्ला भारत के शुल्क से बचने के लिए वहां कारखाना स्थापित करती है, तो यह अमेरिका के लिए ''अनुचित'' होगा। कुमारस्वामी ने यहां पत्रकारों से कहा, ''टेस्ला... वे केवल शोरूम खोलने में रुचि रखते हैं। भारत में विनिर्माण शुरू करने में उनकी कोई रुचि नहीं है।' मंत्री ने भारत में इलेक्ट्रिक कार के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के वास्ते दिशा-निर्देश पेश करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। वहीं एक अधिकारी ने कहा, अभी तक उन्होंने (टेस्ला) रुचि नहीं दिखाई है।

## बिजनेस साइट

# एवीके एग्रो लाइफ साइंस का डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्फ्रेंस, 150 डिस्ट्रीब्यूटर हुए शामिल



**रायपुर।** कृषि क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एवीके एग्रो लाइफ साइंस ने रविवार को पंडरी स्थित होटल में अपने वार्षिक डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भर से लगभग 150 डिस्ट्रीब्यूटर शामिल हुए। कंपनी के सीईओ पोमेंद्र कटरे ने कार्यक्रम में उपस्थित डिस्ट्रीब्यूटर्स का स्वागत किया और कंपनी की आगामी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में यह कंपनी का तीसरा वर्ष है और यहां पर कंपनी के पास 350 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स का मजबूत नेटवर्क है। कार्यक्रम में डिस्ट्रीब्यूटर्स को कंपनी के नए उत्पादों की जानकारी दी गई, जिनमें खासकर फंगिसाइड, इनसेक्टिसाइड, हरबिसाइड और ग्रोथ प्रमोटर शामिल हैं। कंपनी का प्रमुख उत्पाद 'काला हीरा', जो पौधों की ग्रोथ के लिए बेहद कारगर है, किसानों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस मौके पर अवार्ड सेरेमनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित किया गया। कंपनी ने भविष्य की योजनाओं की भी घोषणा की, जिसमें मक्का और धान के लिए विशेष हरबिसाइड्स और नए इनसेक्टिसाइड मॉलेक्यूल्स लाने की बात कही गई।

# सिनकॉम फॉर्म्यूलेशन्स का चौथी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन

**मुंबई।** सिनकॉम फॉर्म्यूलेशन्स ने अपनी चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2025 के वित्तीय नतीजों में एक मजबूत प्रदर्शन किया है। कंपनी के परिचालन से राजस्व में 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वित्त वर्ष 2025 में कुल राजस्व 76 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। परिचालन से राजस्व 7457 लाख रुपए से बढ़कर 14888 लाख रुपए हो गया, जो कि 100 प्रतिशत की वृद्धि है। परिचालन से राजस्व 26339 लाख रुपए से बढ़कर 46501 लाख रुपए हो गया, जो कि 76 प्रतिशत की वृद्धि है। सिनकॉम फॉर्म्यूलेशन्स ने अपने मजबूत प्रदर्शन का श्रेय अपनी रणनीतिक पहलों, परिचालन दक्षता और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में मजबूत मांग को दिया है। सिनकॉम ने 400 से अधिक पंजीकृत उत्पादों के साथ लगभग 25 देशों में परिचालन करते हुए एक मजबूत अंतर्राष्ट्रीय पदचिह्न बनाया ।

# जेईई-एडवांस्ड 2025 : एलन कोटा के राजित गुप्ता को ऑल इंडिया रैंक-1, टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स




**कोटा।** आईआईटी कानपुर द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2025 के परिणामों में एक बार फिर कोटा ने श्रेष्ठता का परचम लहराया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के छात्र राजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है। एलन ने टॉप-10 में 4 और टॉप-100 में कुल 46 छात्रों को स्थान दिलाकर अपनी गुणवत्ता और परिश्रम का प्रमाण दिया है। कोटा में एलन संस्थान के निदेशकों डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी व डॉ. बृजेश माहेश्वरी की उपस्थिति में सफलता का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर टॉपर्स और उनके अभिभावकों का भव्य स्वागत किया गया।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि एलन कोटा ने लगातार दूसरे वर्ष क्लासरूम प्रोग्राम से ऑल इंडिया टॉपर दिया है। राजित गुप्ता के अलावा एलन क्लासरूम स्टूडेंट सक्षम जिंदल (एआईआर-2), अक्षत कुमार चौरसिया (एआईआर-6) और देवेश पंकज भैया (एआईआर-8) ने टॉप-10 में स्थान बनाया है। टॉप-20 में वेदांश गर्ग (एआईआर-13), रित्विक खंडेलवाल (एआईआर-14) भी एलन कोटा क्लासरूम से हैं। वहीं, एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से जुड़ी देवदत्ता माझी (एआईआर-16) ऑल इंडिया गर्ल टॉपर बनी हैं। आगम जिग्नेश शाह (एआईआर-17) भी एलन क्लासरूम से रहे। नितिन कुकरेजा ने बताया कि टॉप-50 में एलन के 21 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इनमें से 42 छात्र क्लासरूम प्रोग्राम, 3 छात्र ऑनलाइन टेस्ट सीरीज और 1 छात्र डिस्टेंस लर्निंग से हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

**टीचर**

आवश्यकता है- ज्ञान आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल प्रेम नगर गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) हिंदी/ एवं अंग्रेजी माध्यम शिक्षक शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। मोबाइल - 9827403620. समय सुबह 8 से 12 बजे तक (RO-400)

आयश्यकता है- जागृति उ. मा. विद्यालय, भाटागांव, रायपुर में रसायन अंग्रेजी, गणित, हिंदी साहित्य, भौतिकी विषय हेतु वह प्राथमिक विभाग शिक्षक /शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। समय प्रातः- 09 से 01 बजे। मो. नंबर -77459-09680, 7999097105. दिनांक - 02/06/2025, 04/06/2025, 06/06/2025, (RO-0011)

Requirment- Jai Public Higher Secondary English Medium School Harinagar katul-boad Durg requires teachers for, Mathematics, Physics, Chemistry,Biology, Accountancy, Business studies,Economics,So. Science, Science English, Office clerk,contact with Resume before 10th june2025, 9301398270. (आरो नं.-761)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ जिसमें जी.एन. एम. व बी.एस.सी. नर्सिंग फिजियोथेरेपी डॉक्टर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर व वार्ड बॉय एवं स्वीपर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर (छ.ग.) मों नंबर 9691631006, 9926115911, 9617952445.(RO-6860)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- *कम्प्युटर आपरेटर (टैली) - (अनुभव एक साल), दुकान में कार्य करने हेतु लड़के चाहिए, काउंटर सेल्समेन, कार्य समय 11AM to 9PM, राधा इंटरप्राइजेस, स्टेशन रोड, रायपुर, 9425504853.* (RO-511)

**ऑफिस बॉय/सहायक**

आवश्यकता है- डेंटल क्लिनिक स्टाफ ऑफिस बॉय एवं गर्ल सहायक हेतु समय सुबह 10:30 से 8 बजे तक इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। श्री श्याम डेंटल क्लिनिक अशोका प्लाजा अशोका रतन शंकर नगर रायपुर मोबाइल - 8435533000. (RO-6879)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समैन का काम कर सके आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मो , 7469980000, 0771 4075490. (RO-6882)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**घरेलु/मार्केटिंग कार्य**

आवश्यकता है- घर का घरेलू कार्य बाई 1 एवं टेली कालिंग कार्य हेतु 2 फीमेल एवं घर बैठे मार्केटिंग हेतु मेल - फीमेल चाहिए पार्ट टाइम/ फुल टाइम रहना खाना सुविधा अच्छे रिश्ता हेतु कास्ट नो बार कन्याएं बायोडाटा भेजिए मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो भारतमाता चौक गुड़ियारी रायपुर 9039321951, 7772868308. (RO-670)

**ड्रायवर/सेल्समैन**

आवश्यकता है- चायपत्ति के फैक्ट्री में गाड़ी चलाने के लिये ड्राईवर एंव अनुभवी सेल्समैन कि आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह mo-74699-80000, 0771-4025490.(RO-6863)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/- प्रतिमाह। रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-08)

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में ड्रायविंग + लेबर कार्य हेतु वेतन 11,000, लेबर कार्य हेतु वेतन 9000 की आवश्यकता हैं। समय 9 से 8.30 बजे तक, मो. 9826182338, पता- ब्राम्हणपारा, रायपुर (RO-6981)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है-इनोवा क्रिस्टा टैक्सी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है जिसको बाहर रहने में कोई तकलीफ ना हो वही कॉल करें रायपुर अमलीडीह 7470308181, 7697800066 (RO-510)

आवश्यकता है- फर्नीचर कं. में कार/ टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर अनुभव 3वर्ष उम्र अधिकतम 30वर्ष सैलरी + भत्ता गोदाम एवं शोरूम में मेहनती लड़कों की सेलरी योग्यतानुसार संपर्क राधा फर्नीचर्स धमधा रोड नीयर नागपुर बायपास ब्रिज दुर्ग (छ. ग.) मो .9425238441.(आरो नं.-762)

**सर्वे कार्य**

आवश्यकता है- एम्बीशन कंपनी में सर्वे कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता हैं वेतन 12,000/- से 15,000 हजार तक पता- रायपुरा चौक सुंदर नगर एक्सिस बैंक के पास रायपुर Mob. 8839695067, 7247508331.(RO-6865)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हमारी कंपनी में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है! लोकेशन - भनपुरी रायपुर कंपनी:- ख्याति पेट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड शिफ्ट - 12 घंटे *संपर्क करे- 9301777359, 9009623959* रहने की सुविधा दी जाएगी! (RO-512)

**खाना मिस्त्री**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु महिला, पुरुष की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937. (RO-37886)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 स्थानः- म.प. उज्जैन । Co- 9630773028 9691233111. (RO-355)

आवश्यकता है- आफिस रखरखाव के लिए लड़का चाहिए, ईमानदार, मेहनती , 2 व्हीलर चला सके, जरुरतमंद ही संपर्क करें वेतन 8000 से शुरू फोन 9399463415.(RO-878)

**इंचार्ज/टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई क्षेत्र में आवश्यकता हैं (1 ) कॉलसेंटर इंचार्ज ( फीमेल) पद -03 सैलरी -20000 + (2 ) टेलिकॉलर (फीमेल) पद 5 सैलरी (7000 - 10000 ) कंप्यूटर ,बैंकिंग व कलेक्शन क्षेत्र में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता (3 ) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद -10 सैलरी 12000 +TA (4 ) ऑफिसबॉय पद 2 contact : 9329208862, 9589049626 हेड ऑफिस :- ई-जेनेसिस ,4 /16 दक्षिण गंगोत्री ,भिलाई (आरो नं.-SP/918)

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-925)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Business व्यापार**

व्यापार- जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603. (RO-080)

**Property प्रापर्टी**

**कृषि भूमि**

बेचना है- प्राईम लोकेशन 02.70 एकड़ कृषि भूमि, नवा रायपुर , भेलवाडीह। डामर रोड पर 400' फ्रंट @ 1.15 करोड़ / एकड़। लेवाल ही संपर्क करें - 7987504355, 7477202779. (RO-6881)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**Healthcare**

समस्या का स्थाई समाधान केवल आयुर्वेद में

- क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण जन्य रोग हैं हेपाटाइटिस (ABC) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रुबेला, या सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक), HIV (AIDS) रोग हैं।
- समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस सिर एवं शरीर से ताँबे रंग के छिलके, रूसी, जोड़ों में दर्द, उँगलियो का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
- समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग ध्यान रहें पुरुष के प्रकृति जन्य (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान!

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200

# बाइक-ट्रैक्टर में भिड़ंत, दो सगे भाई समेत तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के ग्राम शेर में बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई है। हादसा इतना भीषण था कि तीनों घायल युवकों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। यह घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम शेर की है। सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे के अनुसार, ग्राम शेर के रहने वाले दो भाई वरूण नायक (22) और केवल नायक (19) अपने दोस्त तीरथ दीवान (19) के साथ बाइक से महासमुंद गए थे। रात करीब 9:30 बजे वापस लौटते समय महासमुंद-राजिम रोड पर उनकी बाइक एक ट्रैक्टर से टकरा गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। दुर्घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बता दें कि जिले में पिछले 9 दिनों में विभिन्न सड़क हादसों में 13 लोगों की जान जा चुकी है।

## मरोदा डेम में डूबने से दो की मौत

**भिलाई।** सोमवार की शाम शहर को गमगीन करने वाली खबर सामने आई। दो युवकों की मरोदा डेम में डूबने से मौत हो गई। मरने वालों में एक पावर हाउस निवासी शाहिल (25 वर्ष) और दूसरा शिक्षित नगर निवासी जुनैद (25 वर्ष) बताया गया है। दोनों अपने दो अन्य दोस्त फैजल और अविनाश के साथ पिकनिक मनाने के लिए मरोदा डैम पहुंचे थे। इस दौरान मृतक शाहिर और जुनैद पानी में उतर गए। गहराई का अंदाजा नहीं होने की वजह से वह डैम में थोड़ा आगे बढ़ गई। इस दौरान वे डूबने लगे। दो अन्य दोस्तों अविनाश और फैजल ने आसपास के लोगों से मदद मांगी। गोताखोरों को बुलाया गया, शाहिल और जुनैद को जब तक बाहर निकाला जाता, उनकी डूबने से मौत हो गई थी।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनेन्द्रगढ़

जिले के मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली थानांतर्गत नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के महज 11 घंटों की भीतर गिरफ्तार कर लिया है। 1 जून को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसकी बच्ची कक्षा पहली में पढ़ती है। 1 जून की शाम लगभग 6 बजे घर के पास पर रखे रेत पर खेल रही थी। इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति इसकी बच्ची को समोसा खिलाउंगा कहकर बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा सरगुजा रेंज, पुलिस अधीक्षक एमसीबी चंद्रमोहन सिंह के निर्देश एसडीओपी ए. टोप्पो मनेन्द्रगढ़ के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। सहायक उप निरीक्षक मनीष तिवारी की टीम के द्वारा विशेष रूप से उल्लेखनीय कार्य करते हुए 11 घंटे में अपहृत बालिका को ग्राम सिकटापारा झाड़ी जंगल परसा पेड़ के पास से आरोपी जनक राजा उर्फ गदे पिता सुखु चेरवा उम्र 40 वर्ष निवासी सिंचोरा स्कूलपारा प्रतापपुर रोड थाना राजपुर जिला बलरामपुर के कब्जे से बरामद कर लिया गया।

# चखना दुकान में गुर्गों ने शराबी के साथ की जमकर मारपीट, मौत

**छुईखदान।** छुईखदान स्थित शराब भट्टी में चखना दुकान चलाने वालों ने रविवार की रात खुलेआम दादागिरी कर एक शराबी व्यक्ति की इतनी पिटाई कर दी। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात जाहिद खान शराब पीने के लिए शराब दुकान गया था। वहां चखना दुकान वालों के साथ किसी बात लेकर कहा-सुनी हो गई, जिसे लेकर चखना दुकान के गुर्गों ने जाहिद खान की इतनी पिटाई कर दी कि वो बेहोश होकर गिर पड़ा, जिस पर शराब दुकान में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने 112 में कॉल कर सूचना दी, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान सुबह उक्त व्यक्ति जाहिद खान की मौत हो गई। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया है नगरवासियों ने बाहरी व्यक्ति जो खुलेआम दादागिरी कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे हैं।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.-3081/25**

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for 2X250 DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East): -

| S. No. | Tender Specification No., | RFX No. of E-Tender | Particulars | Qty. | Last date & time of bid submission | E.M.D. (Rs.) | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16-06/ DSPM TPS/S&P/safety /T-3162/25 | 8100043618 | Procurement of "Synthetic high Expansion Foam & Dry Chemical Powder" for fire division of DSPM TPS, Korba East | As per Tender Schedule | 24.06.2025 15:30 Hrs. | 7,120/- | 590/- |

For More detail, please visit our website at: -**https://www. cspc.co.in**. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

**SAVE ELECTRICITY**

**SUPRINTENDING ENGINEER (Proc.)**
**DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST**

## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा।

**निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 158/जि०प० दिनांक 21.05.2025 एवं **PR No.** 353276 तिथि 21.05.2025 के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2025–26 में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | पूर्व में प्रकाशित तिथि | | | वर्तमान में संशोधित तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
| 1 | 01 | Construction of Zila Parishad Koderma Office Building | 30.05.2025 | 31.05.2025 से 06.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 09.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 05.06.2025 | 06.06.2025 से 12.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक | 14.06.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 354065 Panchayati Raj(25-26)D

# लकड़ी तस्करों ने किया वन स्टाफ पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** मुखबिर की सूचना पर वन विकास निगम के कर्मचारी जब अवैध लकड़ी परिवहन करने वाले तस्करों को पकड़ने गए, तो तस्करों ने विभाग के कर्मचारियों पर कुल्हाड़ी और लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इससे एक कर्मचारी की हालत गंभीर हो गई है, जिसे उपचार के लिए बिलासपुर के हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार वन विकास निगम के कोटा परियोजना मंडल अंतर्गत कोटा परिक्षेत्र में रात में विभाग की टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरिया बीट के वन क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने सागौन के पेड़ों को काट लिया है और अवैध परिवहन करके लेकर जा रहे हैं। कोटा परियोजना मंडल के स्टाफ ने टीम बनाकर गश्ती का कार्य किया।

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**2nd Call**

**NIT NO: 16** **RAIPUR DATED 29.05.2025**

Online bids are invited for the following works up to 15.06.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 169425 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न वार्डों एवं वीआईपी क्षेत्रो से कचरा परिवहन हेतु 02 नग डम्फर किराये पर रखे जाने का कार्य। (द्वितीय निविदा) | 31.39 Lac |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 29.05.2025 17.30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

**NOTE: -**
**1.** All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. **2.** Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in **3.** कार्य आबंटित होने पर वाहन स्वस्थ कंडीशन में पंजीयन इन्सोरेसन्स कम्पलीट आर.सी. बुक तथा आईडी प्रूफ सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वाहन चालक/परिचालक का लायसेंस एवं चरित्र तथा फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **4.** किसी भी दुर्घटना एवं अन्य परिस्थितियों के लिए निगम प्रशासन कोई भी उत्तरदायित्व नहीं होगा। **5.** दरें डीजल ड्राईवर सहित देना होगा तथा प्रतिदिन 08 घंटे कार्यदिवस एव न्यूनतम दो ट्रीप कचरा परिवहन हाईवा से करना होगा। **6.** कचरा परिवहन सकरी सांईटिफिक लैण्ड फिल्ड साईड अथवा निर्देशित स्थानों पर ही करना होगा। **7.** निविदा में नये पंजीकृत वाहनों में प्राथमिकता दी जावेगी। **8.** यदि वाहन (डम्फर) दो दिन लगातार, ठेकेदार प्रदाय करने में असफल रहता है तो ठेकेदार से अर्थदण्ड वसूल किया जावेगा।

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-04**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, 492002

**जिला मुंगेली में प्रस्तावित बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण के वास्तुविदीय एवं इंजीनियरिंग कार्य हेतु राष्ट्रीय स्तर के वास्तुविद / फर्म से एवं मंडल में पंजीबद्ध वास्तुविद / फर्म/कम्पनी से तकनीकी एवं वित्तीय ऑफर आमंत्रित हैं।**

**ADVT./ARCH/HO/ EOI-01/06/2025** **Date of Publication 03/06/2025**

जिला मुंगेली में प्रस्तावित बहुउद्देशीय स्टेडियम (भूमि 7.439 एकड़ एवं निमार्ण लागत रु सात करोड़) के वास्तुविदीय एवं इंजीनियरिंग कार्य हेतू राष्ट्रीय स्तर के वास्तुविद / फर्म जो EOI 2024 document मे न्यूनतम C & Above Category हेतू Eligibility Criteria का या ज्यादा अनुभव रखते हो, एवं मंडल में पंजीबद्ध C & Above Category के वास्तुविद / फर्म / कम्पनी से बिड आमंत्रण बंद लिफाफों में जिसमें 1 ) तकनीकी ऑफर एवं प्रोसेस फीस रू. 5,000.00 का डी.डी. 2) वित्तीय आफर को मंडल के वेबसाईट में योजना हेतू अपलोडेड दिशा निर्देश के अनुसार लिफाफा तैयार कर दिनांक 17/06/2025 शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। डी.डी. आयुक्त छ.ग.गृ.नि.मं. मुख्यालय के नाम देय होंगे। ऑफर, आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के मुख्यालय, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19 नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के नाम से स्पीड पोष्ट / कोरियर या व्यक्तिगत उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। ऑफर मण्डल में जारी ई.ओ.आई. - 2024 के स्कोप ऑफ वर्क, मोड ऑफ पेमेंट व नियम शर्ते के आधार पर होगें। योजना की Requirement एवं प्रस्ताव के लिए दिशा-निर्देश व अन्य जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in में अपलोडेड है को देखा जा सकता है, इस बाबत अन्य किसी प्रकार की जानकारी एवं संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किये जायेंगे, मण्डल की वेबसाईट में अपलोड किये जायेंगे। योजना से संबंधित अन्य वास्तुविदीय जानकारी हेतु मण्डल मुख्यालय के वास्तुविद से मो. 094242-09010 पर सम्पर्क किया जा सकता है। योजना के स्थल निरीक्षण हेतू कार्य अभि संभाग- बिलासपुर से मो. 8103002219 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

❒ बिड जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 17/06/2025 को शाम 5.30 बजे तक।
❒ तकनीकी ऑफर खोलने का दिनांक 18/06/2025 को दोपहर 12:30 बजे मुख्यालय, पर्यावास भवन, नवा रायपुर अटल नगर।

**नोट :-** बिड जमा करने की तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त बिड स्वीकार नहीं किये जावेगें।

S-44039/1 **आयुक्त**

## सेक्टर-1 में हुए सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि क्वाटर नंबर 22/3 सडक एवेन्यु बी सेक्टर 1 निवासी हैडिसन को कार सीजी 07 एडब्लू 9621 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए। हैडसन को ठोकर मार दिया। हादसे में महिला को मौत हो गई।

## बुजुर्ग को सांप ने डसा अस्पताल में मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार दोपहर एक बुजुर्ग को सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पटेवा के ग्राम नयापारा निवासी चरंता उर्फ चाकू यादव (80) गांव में थे। इसी दौरान उन्हें किसी विषैले सांप ने काट लिया। परिजनों ने जानकारी के बाद उन्हें पहले पटेवा उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उन्हें तुमगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर किया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में उपचार के बाद बुजुर्ग की रात में मौत हो गई। आज पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

## चौरेंगा में करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

**सिमगा।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंचायत चौरेंगा निवासी कार्तिक राम गोड़ पिता साखाराम गोड़ उम्र 55 वर्ष की 30 मई को दोपहर ढेड़ बजे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। दरअसल वो अपने घर के आंगन में नहा रहा था कि अचानक वहां पर लगे बिजली होल्डर को पकड़ लिया। जिससे उसे जोरदार करंट लगने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचक रूपेन्द्र सिंह चौहान की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## बिच्छू के डंक से महिला की मौत

**धमतरी।** खेत में काम कर रही महिला को जहरीले बिच्छू ने डंक मार दिया। इस घटना में महिला की अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बानगर निवासी रेखा साहू पति भूषण उम्र 32 वर्ष खरीफ फसल की तैयारी के चलते गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर अपने खेत में रविवार की सुबह काम करने गई थी। महिला खेत में साफ-सफाई का काम कर रही थी। इसी दौरान उसके पैर के अंगूठे को जहरीले बिच्छू ने डंक मार दिया। बिच्छू के जहर से महिला की हालत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी आसपास के किसानों को होने पर महिला को ट्रेक्टर की मदद से उसके घर पहुंचाया जहां से परिजन वएम्बुलेस की मदद से महिला को उपचार के लिए सिविल अस्पताल कुरूद ले गए।

## न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव

जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**-:: ईश्तहार ::-**

E-202412090100011 अ/19 (3) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-गठुला, प०ह०नं0-32 रा.नि.मं.-सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री आर.के. गोस्वामी, कार्यपालन अभियंता (संचा/संघा) संभाग छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लि. राजनांदगांव द्वारा ग्राम बोरी उपसंभाग विद्युत कार्यालय भवन निर्माण हेतु ग्राम गठुला स्थित शासकीय भूमि खसरा नं0 576/1 रकबा 8.1040हे0 में से 0. 06एकड़/0.024 हे० आबंटित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। इस हेतु ग्राम पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव एवं खसरा नक्शा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव द्वारा भू-राजस्व संहिता एवं छ०ग० शासन के अन्य सुसंगत नियमों के तहत जांच एवं प्रतिवेदनार्थ माननीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय राजनांदगांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 10/06/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :-13/05/2025.
सुनवाई दिनांक :- 10/06/2025

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## कार्यालय, उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, रायपुर (छ.ग.)

ई-मेल :- govt.ayurvedicpharmacy@gmail.com
दूरभाष एवं फैक्स क्र. 0771-2263437

क्रमांक /स्था. /2025 / 591 रायपुर, दिनांक 30/05/2025

**-:: दावा-आपत्ति ::-**

कार्यालय, उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी रायपुर (छ.ग.) द्वारा चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदो हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक/स्था./2023/566 रायपुर दिनांक 16.05.2023 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक /स्था./2023/656 दिनांक 02.06.2023 के परिपेक्ष्य में मेडिसीन पेकर एवं स्वच्छक पद हेतु प्राप्त आवेदनों का समिति द्वारा परीक्षण किया गया।

प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण में जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पात्र/अपात्र किये गये हैं, उनकी प्रावधानिक सूची जिला के वेबसाईट www.raipur.gov.in एवं कार्यालय, उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी रायपुर के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है, जिस आवेदक को आपत्ति हो वह अपनी दावा आपत्ति दिनांक 16.06.2025 सांय 05:30 बजे तक कार्यालय, उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी रायपुर के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, सरल क्रमांक तथा आवक क्रमांक लिखा होना अनिवार्य है, ऐसे पात्र आवेदक जिनकी कक्षा आठवी की अंकसूची ग्रेड के आधार पर है, वे सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अंक तालिका (अंको की गणना हेतु) जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा शासन के नियमानुसार ग्रेड का अंकों में रूपान्तरण किया जावेगा। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

**उपसंचालक,**
**शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी**
**रायपुर (छ.ग.)**

G-252601279/5

## कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)

शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर
E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website-nagarnigamjagdalpur.in, Phone No. - 07782-221055

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**
**Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in**

क्रमांक / 546 /नपानि / लोनिवि / 2025 जगदलपुर दिनांक 29.05.2025

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा कार्य क्र. 01 का प्रपत्र "C" में आयटम दर एवं कार्य क्र. 2 का प्रपत्र "A" में कम / अधिक प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है।

| S. No. | S.T. No | कार्य का विवरण | निविदा राशि (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 169385 | Rate contract tender for Providing and Fixing of tent equipment and material including all the electric and mechanical fitting on rent Municipal Corporation Jagdalpur | 50.00 | 50,000.00 |
| 2 | 169398 | Renovation Work of Atal Awas Suncity Chandra Shekhar Ajad Ward No. 41 (Balance Works) Jagdalpur | 28.69 | 22,000.00 |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (**Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in**) पर दिनांक 24.06.2025 को सांय 5.30 बजे तक देखे/ क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट **http://uad.cg.gov.in** मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्ते, बी.ओ. क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेबसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**टीप:-** निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है।

"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें"

**कार्यपालन अभियंता**
**नगरपालिक निगम, जगदलपुर**

S-44042/2

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

**दिनांक 29.05.2025**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31/CE/NH/ TC / 44-14/2025 (1st Call ) | 2025_MoRTH_862176_1 | Construction and Up - gradation to Two lane with paved shoulder In km 90.990 to 98.160 = 7.170 km Kutul to Nilangur Maharashtra Border Road of NH-130D PKG-4 (PART-1) in the State of Chhattisgarh | Rs 6950.48 Lacs |
| 2 | 32/CE/NH/ TC / 44-15/2025 (1st Call) | 2024_MoRTH_862177_1 | Construction and Up - gradation to Two lane with paved shoulder In km 98.160 to 105.330 = 7.170 km Kutul to Nilangur Maharashtra Border Road of NH-130D PKG-4 (PART-2) in the State of Chhattisgarh | Rs 6797.484 Lacs |
| 2 | 33/CE/NH/ TC / 44-16/2025 (1st Call) | 2024_MoRTH_862178_1 | Construction and Up - gradation to Two lane with paved shoulder In km 105.330 to 112.500 = 7.170 km Kutul to Nilangur Maharashtra Border Road of NH-130D PKG-4 (PART-3) in the State of Chhattisgarh | Rs 7101.824 Lacs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि हेतु दिनांक 14.07.2025 शाम 17.30 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S ) के ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

G-252601304/4

## Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh Directorate of Geology & Mining

Indravati Bhavan, Block-4, Second Floor, Nawa Raipur Atal Nagar, Raipur, Chhattisgarh - 492002, India

**30 May 2025**

**Notice Inviting Tender**

**Invitation of bids for grant of Mining Lease/Composite License of Limestone, Iron ore and Bauxite blocks**

In exercise of the powers conferred by Section 10B & 11 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 and in accordance with the Mineral (Auction) Rules, 2015 (as amended from time to time) notified thereunder, Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh has identified **04 limestone blocks for mining lease, 02 iron ore blocks and 03 bauxite blocks for Composite Licence** for electronic auction and hereby invites bids for the purposes

| Sl. No | Name of the Block | Mineral | District | Type of mineral concession | Area (Ha) | Level of Exploration | Tender Price (INR)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Hirmi II North Limestone Block | Limestone | Balodabazar | ML | 204.326 | G3 | 05 Lakh |
| 2. | Hirmi II South Limestone Block | Limestone | Balodabazar | ML | 207.673 | G3 | 05 Lakh |
| 3. | Sarseni Guma East Limestone Block | Limestone | Balodabazar | ML | 527.522 | G2 | 05 Lakh |
| 4. | Sarseni Guma West Limestone Block | Limestone | Balodabazar | ML | 217.041 | G2 | 05 Lakh |
| 5. | Bhajidongari Iron ore Block | Iron Ore | Khairagarh, Chhuikhadn, Gandai | CL | 392 | G4 | 02 Lakh |
| 6. | Nachaniya Iron ore Block | Iron Ore | Khairagar, Chhuikhad, Gandai | CL | 200 | G4 | 02 Lakh |
| 7. | Murtadand Bauxite Block | Bauxite | Surguja | CL | 488.539 | G3 | 01 Lakh |
| 8. | Kuniya Bauxite Block | Bauxite | Surguja | CL | 162.400 | G3 | 01 Lakh |
| 9. | Dandkesra North Extension Bauxite Block | Bauxite | Surguja | CL | 86.335 | G3 | 01 Lakh |

***Excluding GST**

Accordingly, Financial bids are invited in digital format only and technical bids are invited both in digital and physical format from Eligible bidders.

Terms and conditions, deadlines etc. for participating in the electronic auction are provided in the Tender Document. The Model Tender Document for the mineral blocks and mineral block summary are available free of cost in electronic form and can be downloaded from the website of MSTC Ltd. (http://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcl/index.jsp) and websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh (www.chhattisgarhmines.gov.in) for the purpose of information only.

Those interested and eligible for bidding can participate in the bidding only after online purchase of the Tender Document on payment of the non-refundable tender fee as mentioned above (Applicable Goods and Service Tax(GST) shall be payable on **Reverse Charge Mechanism**), from the website of e-auction platform provider MSTC Ltd. Bidder shall be able to make payment of the Tender Document fee through RTGS/ net banking (through the payment gateway of e-auction platform). After registration at MSTC website, interested & eligible bidders can purchase the Tender Document. On successful registration, eligible bidders will obtain Login ID and password necessary for participation in the e- auction process.

The last date for online purchase of Tender Document is **Friday, 11 July 2025**, and the last date for submission of the bid is 15:00 Hours IST on **Monday, 14 July 2025**. Any further communications, amendments etc. shall be available on the above website of MSTC and the websites of Mineral Resources Department, Government of Chhattisgarh.

**Director**
**Geology & Mining, Chhattisgar**

G-252601294/2

## छत्तीसगढ शासन वन विभाग कांकेर वनमण्डल कांकेर

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, कांकेर वन मण्डल कांकेर के अन्तर्गत आने वाले काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती काष्ठ के निम्न विवरण अनुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार डिपो कांकेर से प्राप्त की जा सकती हैं।

**डिपो का नाम** - **कांकेर काष्ठागार**
**नीलाम दिनांक** - **05 जून 2025, गुरूवार**
**नीलाम प्रारंभ** - **प्रातः 09:00 बजे से**

| स. क्र. | प्रजाति | अनुमानित मात्रा | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नया | | | पुराना | | | योग | | |
| | | काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 6.235 | 129 | 71 | 299.250 | 1330 | 1986 | 305.485 | 1459 | 2057 |
| 2 | साल | 1.541 | 10 | 8 | 0.000 | 0 | 0 | 1.541 | 10 | 8 |
| 3 | खम्हार | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| 4 | हल्दू/मुंडी | 6.464 | 0 | 0 | 32.964 | 0 | 0 | 39.428 | 0 | 0 |
| 5 | बीजा | 3.636 | 1 | 5 | 42.162 | 21 | 10 | 45.798 | 22 | 15 |
| 6 | सलई/मोयन | 0.000 | 0 | 0 | 5.560 | 0 | 0 | 5.560 | 0 | 0 |
| 7 | साजा | 15.068 | 51 | 47 | 57.601 | 14 | 2 | 72.669 | 65 | 49 |
| 8 | शीशम | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| 9 | तिन्सा | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| 10 | नीलगिरी | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 33 | 4 | 0.000 | 33 | 4 |
| 11 | अन्य | 16.198 | 467 | 84 | 61.075 | 65 | 1 | 77.273 | 532 | 85 |
| | **योगः-** | **49.142** | **658** | **215** | **498.612** | **1463** | **2003** | **547.754** | **2121** | **2218** |
| 1 | सागौन जलाऊ | 1 चट्टा | | | - | | | 1 चट्टा | | |

***अनुमानित काष्ठ की मात्रा कम या अधिक हो सकता है।***

**टीप :- 1.** क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। **2.** क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। **3.** लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है। **4.** ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**वनमण्डलाधिकारी,**
**कांकेर वनमण्डल कांकेर**

G-252601299/3




# आईपीएल को आज मिलेगा नया चैंपियन, बेंगलुरु-पंजाब के पास 17 साल का खिताबी सूखा खत्म करने का मौका

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 17 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें हालांकि हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं। आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है।



## कोहली आरसीबी के मुख्य स्तंभ

कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड ने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

## अय्यर नए नेतृत्वकर्ता

पंजाब के अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

## पंजाब का मध्यक्रम मजबूत

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है।

## बेंगलुरु खेलेगा चौथा फाइनल

आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि पंजाब ने क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। पंजाब की टीम 2014 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची है। पंजाब की तरह ही आरसीबी ने भी अब तक कभी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। ऐसे में यह तय है कि आईपीएल को इस बार नया चैंपियन मिलेगा। आरसीबी की टीम इससे पहले तीन बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन तीनों बार उसे हार मिली है। पंजाब को 2014 में फाइनल में केकेआर ने हराया था।

खास खबर

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज से जीती श्रृंखला



**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने अपनी पारी में 139 गेंद का सामना किया तथा 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।

## अय्यर और पंड्या पर लगा भारी जुर्माना



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर यहां आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। अय्यर पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

## महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट श्रीलंका से स्थगित



**लाहौर।** एशियाई क्रिकेट परिषद ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन — 759 रन — गुजरात

प्रसिद्ध कृष्णा — 25 विकेट — गुजरात

## खबर संक्षेप

### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: गुकेश ने नंबर-1 कार्लसन को हराकर चुकता किया बदला

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर




वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डी ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उन्होंने नॉर्वे चेस 2025 के छठे राउंड में मैग्नस कार्लसन को पहली बार क्लासिकल टाइम कंट्रोल में हरा दिया। इस हार से नाराज कार्लसन ने गुस्से में चेस बोर्ड पर घूंसा मार दिया। इससे सभी हैरान हो गए।

गुकेश से हारने के बाद पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं कर पाए। उन्होंने मैच खत्म होते ही चेस पर गुस्से में घूंसा मारा, हालांकि उन्हें जल्द ही अपनी गलती का एहसान हो गया। उन्होंने तुरंत माफ़ी मांगते हुए विनर गुकेश को जीत की बधाई दी। गुकेश ने जीत के बाद कोई अग्रेशन नहीं दिखाया, वह सिर्फ कार्लसन से हाथ मिलाने के बाद चुपचाप अपनी सीट से उठे और हाथों को अपने मुह में दबाकर एक जगह खड़े हो गए। मानों उन्हें खुद भी यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने ये कर दिखाया, उन्होंने पूर्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है।

### कार्लसन का घमंड चकनाचूर

आपको बता दें कि 19 वर्षीय गुकेश पहले राउंड में कार्लसन से हार गए थे। इस जीत के बाद कार्लसन ने एक पोस्ट भी किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि 'जब आप राजा के खिलाफ खेलते हैं तो चूकना नहीं चाहिए।' शायद वह इस पोस्ट के जरिए बताना चाहते थे कि उन्हें हराना बहुत मुश्किल हैं, लेकिन गुकेश ने अपने खेल से ही इसका करारा जवाब दिया।

### धैर्य और अनुशासन से जीता मैच

सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए गुकेश ने पूरे खेल में धैर्य और अनुशासन बनाए रखा। उन्होंने इंक्रीमेंट टाइम कंट्रोल में वापसी की, जबकि इससे पहले ज्यादातर समय कार्लसन ने बढ़त बनाए रखी थी। गुकेश ने कार्लसन की एक गलती का फायदा उठाकर बाजी पलट दी। लास्ट में एक काउंटरअटैक के साथ गुकेश ने जीत हासिल की।



### नटराज ने सिंगापुर में तैराकी में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

क्रिकेट

## क्लासेन ने क्रिकेट से लिया संन्यास फ्रेंचाइजी लीग को देंगे प्राथमिकताएं



एजेंसी ▶▶| केपटाउन

दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकतायें तय करने की कवायद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तुरंत प्रभाव से संन्यास ले लिया।

तैतीस वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि भविष्य में मेरे और परिवार के लिए क्या बेहतर है। यह काफी कठिन फैसला था लेकिन मैं इससे खुश हूं।' दुनियाभर में टी20 लीग में काफी लोकप्रिय बल्लेबाज क्लासेन ने हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल में खेला और शतक भी लगाया। अब वह इस महीने के आखिर में अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में सीएटल ओर्कास के लिये खेलेंगे।

### मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस 36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 एकदिवसीय मैच खेले। मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी शामिल है। मैक्सवेल का स्ट्राइक रेट 126 है जो वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे ज़्यादा है। वह वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल से पीछे हैं। उन्होंने एक गेंदबाज के रूप में वनडे में 77 विकेट लिए हैं जबकि एक बल्लेबाज के रूप में चार शतक और 23 अर्धशतक भी लगाए हैं।

### भारत ए-इंग्लैंड लायंस का पहला अनौपचारिक टेस्ट ड्रॉ पर खत्म

**कैंटरबरी।** भारत ए के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने सोमवार को यहां सपाट बल्लेबाजी ट्रैक का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़े जिससे इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इंग्लैंड लायंस के निचले क्रम ने डटकर खेलते हुए भारत ए के गेंदबाजों को हताश किया जिससे मेजबान टीम ने पहले सत्र के दौरान पहली पारी में 587 रन बनाकर 30 रन की बढ़त के साथ दबदबा बनाया। फिर यशस्वी जायसवाल (64), कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (68), ध्रुव जुरेल (नाबाद 53) और नीतिश कुमार रेड्डी (नाबाद 52) ने अर्धशतक बनाकर नॉर्थम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे 'टेस्ट' से पहले आत्मविश्वास हासिल किया। भारत ए ने अंतिम दिन 41 ओवर में दूसरी पारी में दो विकेट पर 241 रन बना लिए थे जिसके बाद मैच खत्म कर दिया गया तब 25 ओवर बचे थे।

## 30 सितंबर से शुरू होगा महिला वनडे विश्व कप, भारत-श्रीलंका बने मेजबान




एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरु, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए भारत नहीं आएगा और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। इसके तहत भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि पाकिस्तान और बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, 'यह टूर्नामेंट बेंगलुरु में 30 सितंबर से शुरू होगा।

भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है।' पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा गत चैंपियन आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।

दूसरी वरीय कोको गॉफ के साथ चौथे दौर में पहुंची बोइसन

## जोकोविच ने फ्रेंच ओपन करियर में जीता 100वां मैच

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने सोमवार को यहां चौथे दौर में कैम नूरी को 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन में करियर की 100वीं जीत दर्ज की। जोकोविच अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में से तीन रोलां गैरां में जीत चुके हैं और उन्होंने क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना तीसरे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। फ्रांस की गैर वरीय 21 साल की लुईस बोइसन ने अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर उलटफेर करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। बोइसन कभी भी फ्रेंच ओपन में नहीं खेली हैं और वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली 361वीं रैंकिंग की इस खिलाड़ी ने पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।



### दो सेट में जीतीं गॉफ

2023 अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने 20वीं रैंकिंग की इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा को 6-0, 7-5 से पराजित किया। अमेरिका की मैडिसन कीज ने हमवतन हेली बापटिस्टे को 6-3, 7-5 से और आंद्रीवा ने दारिया कसातकिना को 7-5, 6-3 से हराया। दूसरे वरीय और चार बार ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने शेल्टन पर तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (8), 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना अमेरिका के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।

### स्वितोलिना से भिड़ेंगी स्वियाटेक

महिला वर्ग में 13वीं वरीय एलिना स्वितोलिना ने 2024 की उप विजेता पाओलिनी को 4-6, 7-6 (6), 6-1 से हराकर पांचवीं बार रोलां गैरां के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक से होगा। स्वियातेक ने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में अन्य क्वार्टरफाइनल में नंबर एक आर्यना सबालेंका का सामना झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 7-5, 6-3 से हराया जबकि 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग ने लियूडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (5), 1-6, 6-3 से मात दी।

### डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स नैतिकता इकाई ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन के कारण प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों के कारण अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

From No. 14 [See regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR-482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961

**RC/465/2024** **03-04-2025**

**CANARA BANK**
**Versus**
**BHILAI BRICKS INDUSTRIES**

**To,**
**(CD1) Bhilai Bricks Industries**
**Shanti Pandey** Vill - Dhor, PC No 24, Teh.-Patan, Dist-Durg (CG) Durg. Chhattisgarh-490020
**(CD 2) Shanti Pandey**
LIG 80, Ward No 10. Vaishali Nagar, Supela, Bhilai, Dist-Durg (CG) Durg Chhattisgarh-490020
**(CD 3) Ajay Kumar Pandey**
LIG-80, Ward No 10, Vaishali Nagar, Supela, Bhilai, Dist-Durg (CG) Durg Chhattisgarh-490020
**(CD 4) Pooja Pandey**
LIG-80, Ward No 10, Vaishali Nagar, Supela, Bhilai, Dist-Durg (CG) Durg Chhattisgarh-490020
**(CD5) Sachin Kumar Pandey**
LIG 80, Ward No 10. Vaishali Nagar Supela, Bhilai, Dist-Durg (CG) Durg Chhattisgarh -490020

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer. DEBTS **RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR** in **OA/316/2022** an amount of **Rs. 6047598 (Rupees Sixty Lakhs Forty Seven Thousands Five Hundred Ninety Eight Only)** along with pendentellite and future interest @ **9.50%** Simple Interest Yearly w.e.f. 03/03/2022 till realization and costs of **Rs. 63000 (Rupees Sixty Three Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/ Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in acordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **09/07/2025** at 10.30 a.m. for further proceeding.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other process and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and seal on the Tribunal, on this date **03/04/2025**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR






# अमेरिका के पास है 230 करोड़ रुपए का दुनिया का सबसे महंगा परमाणु बम

**नई दिल्ली।** ये जितने खतरनाक होते हैं उतने ही महंगे भी होते हैं। इन्हें बनाने में किसी भी देश की सरकार को लंबा-चौड़ा खर्चा करना होता है। आज के समय में सिर्फ 9 देशों के पास ही परमाणु हथियार है जिसमें भारत भी शामिल है। लेकिन आज हम आपको बताएंगे कि दुनिया का सबसे महंगा परमाणु बम किस देश के पास है।

### सबसे महंगा परमाणु बम

फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक बी 61-12 बम दुनिया का सबसे महंगा परमाणु बम है। इस बम की कीमत लगभग 28 मिलियन डॉलर (करीब 230 करोड़ रुपए) बताई जाती है। इसे दुनिया का सबसे महंगा और आधुनिक बम भी माना जाता है। इस बम की खासियत है की यह किसी मिसाइल से नहीं, बल्कि लड़ाकू विमान और लॉन्चिंग सिस्टम से छोड़ा जाता है।

### किन देशों के पास परमाणु बम



आपको बता दें कि 9 देशों के पास परमाणु हथियार मौजूद हैं जिनके नाम हैं- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, भारत, पाकिस्तान, इजरायल और उत्तर कोरिया। इसके अलावा कुछ अन्य देश और जिनके पास पहले से परमाणु हथियार मौजूद हैं, आज भी इन हथियारों के विकास में दिन-रात लगे हुए हैं।

### कितना आता है खर्च

परमाणु बम को बनाने का खर्च अलग-अलग देशों में अलग हो सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार एक बम को बनाने में लगभग 152 से 447 करोड़ रुपये तक खर्च आता है। इसकी लागत बम बनाने के डिजाइन और साथ ही इसमें लगने वाले यूरेनियम की मात्रा पर भी निर्भर करती है।

### क्या होगा अगर बी 61-12 फट जाए

अगर यह बम अपनी 50 किलोटन की क्षमता के साथ फटता है तो 1.5-2 किमी तक के दायरे में सब कुछ जलकर राख हो जाएगा। लगभग 4 किमी की दूरी तक लोग बुरी तरह झुलस सकते हैं। इसके अलावा इसके सबसे भयंकर परिणाम होंगे कि जिस क्षेत्र में बम गिरेगा वहां दशकों तक पर्यावरण और पीने के पानी की हालत बहुत खराब रहेगी।

# क्या दिन में 24 की जगह होंगे 25 घंटे? पिघलते ग्लेशियरों की वजह से धरती की चाल हुई धीमी!

*न्यूयार्क। जाने माने मोटिवेशनल स्पीकर ब्रायन ट्रेसी ने कहा है कि आपके पास जो समय है, वही सबसे मूल्यवान संसाधन है, उसका सम्मान करें. आपने भी कई बार अपने आस पास लोगों को समय की कमी का रोना रोते देखा होगा। लोगों को कहते सुना होगा कि दिन में 24 घंटे ही हैं, कहां से वक्त निकालें? ऐसे लोगों के लिए आज हम एक रोचक खबर बताने जा रहे हैं। आप भी सोचकर देखिए कि अगर दिन में 24 घंटे के बजाय 25 घंटे हो जाएं तो आपके जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।आप ये सोचकर हैरान हो सकते हैं कि दिन में 24 के बजाय 25 घंटे कैसे हो सकते हैं? लेकिन, पृथ्वी पर एक वक्त आने वाला है, जब 24 घंटे में नहीं, बल्कि 25 घंटे में एक दिन खत्म होगा। आइए समझिए कि एक दिन 25 घंटे का कैसे हो सकता है? साइंस मैग्जीन नेचर जियोसाइंस में बढ़ती गर्मी के साइड इफेक्ट्स पर एक रिपोर्ट छपी है।*



### क्यों धीमी हुई धरती की गति

रिपोर्ट के मुताबिक, पिघलते ग्लेशियर की वजह से धरती की भूमध्य रेखा के पास ज्यादा पानी जमा हो रहा है। इस वजह से धरती अपनी धुरी पर घूम नहीं पा रही है, यानि उनकी गति धीमी होती जा रही है। इसका असर धरती के दोनों मैग्नेटिक पोल पर भी पड़ रहा है, जिसकी वजह से पिछले कुछ दशकों से धरती के घूमने की गति धीमी होती जा रही है। आप ये जानकार हैरान हो सकते हैं कि आज से 100 करोड़ साल पहले हमारी पृथ्वी का एक दिन 19 घंटे का हुआ करता था। लेकिन, जैसे जैसे धरती की गति धीमी होती गई वैसे वैसे दिन का टाइम बढ़ता गया और आज ये 24 घंटे का हो गया है।

### हर सदी में 2.3 मिली सेकंड बढ़ रहा समय

मैग्जीन में छपी रिपोर्ट के मुताबिक 1960 की तुलना अगर 2020 से करें तो धरती ज्यादा तेज घूम रही थी। लेकिन, 2021 में ये गति और धीमी हो गई है। इस बीच जून 2022 में सबसे छोटा दिन भी रिकॉर्ड किया गया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक हमारे दिन का समय हर सदी में 2.3 मिली सेकेंड बढ़ रहा है और इस हिसाब से कई करोड़ वर्षों बाद ही सही, लेकिन ऐसा वक्त आएगा जब दिन 24 घंटे का नहीं बल्कि 25 घंटे का हो जाएगा।



# बंदूक की सलामी रुकी बच्चे पैदा होना बंद!

## इस गांव में 40 साल से नहीं गूंजी किलकारी

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में घने जंगलों के बीच एक अद्भुत गांव है। अद्भुत इसलिए, क्योंकि यहां पिछले 40 साल से किसी बच्चे की किलकारी नहीं गूंजी, मतलब किसी बच्चे का जन्म ही नहीं हुआ। जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमीटर दूर भुईमाड़ क्षेत्र का हाराई गांव अपनी रहस्यमयी मान्यता को लेकर चर्चा में रहता है। इस गांव में खैरवार समाज के लोग निवास करते हैं। मान्यता है कि गांव की ग्राम देवी 'अंगरा देवी' की नाराजगी के कारण गांव में संतान जन्म नहीं लेती।



गांव में रहने वाले 80 वर्षीय छोटेलाल सिंह बताते हैं कि खैरवार समाज के पूर्वज छत्तीसगढ़ से देवी को चुराकर लाए थे। गांव के एक पुराने पीपल के पेड़ में उनकी स्थापना की गई थी। वर्षों तक देवी की पूजा और बंदूक की सलामी होती रही, लेकिन जब शासन द्वारा ग्रामीणों से बंदूकें वापस ली गईं, तब से देवी नाराज हो गईं। परिणामस्वरूप, गांव में संतान उत्पत्ति पर जैसे विराम लग गया।

### ग्राम देवी का भव्य मंदिर बने

ग्रामीण लाल बहादुर सिंह ने कहा, 'हमारे पूर्वजों की गलती का खामियाजा आज तक हमारी पीढ़ी भुगत रही है। अब हम चाहते हैं कि ग्राम देवी का भव्य मंदिर बने ताकि उनकी नाराजगी दूर हो। सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा, 'बंदूक और बच्चों का कोई वैज्ञानिक संबंध नहीं है, लेकिन ग्रामीणों की आस्था को देखते हुए शासन स्तर से जो संभव होगा, किया जाएगा'।

### पूर्व कलेक्टर ने बंदूक दिलाई, फिर भी समस्या है जस की तस

गांव के बुजुर्गों का कहना है, पिछले 40 साल से खैरवार समाज के किसी भी दंपती को संतान नहीं हुई। प्रशासन ने इस रहस्य को सुलझाने के कई प्रयास किए। पूर्व कलेक्टर पंकज कुमार ने ग्रामीणों की मांग पर एक ग्रामीण को बंदूक दिलवाई, ताकि देवी को सलामी दी जा सके। पूजा और सलामी के बाद एक अजीब घटनाक्रम देखने को मिला, जो लोग गांव छोड़कर दूसरे गांवों में बस गए, उन्हें संतान प्राप्त होने लगी। लेकिन, हाराई गांव में आज भी ये समस्या जस की तस बनी है।



# महासागर में समा जाएगी सारी धरती, चारों तरफ दिखेगा पानी ही पानी


*वॉशिंगटन। बहुत सारे लोग इस सवाल का जवाब जानने के इच्छुक रहते हैं कि क्या होगा अगर 2 मिनट के लिए धरती घूमना बंद कर दें. आपने बचपन में साइंस की किताब में जरूर पढ़ा होगा कि दिन और रात कैसे बदलते हैं। ये सारा का सारा खेल धरती के अपनी धुरी पर घूमने और सूर्य के चक्कर लगाने पर निर्भर करता है।*

### धरती के घूमने की गति

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 1000 मील प्रति घंटे की रफ्तार से घूमती रहती है। ऐसे में अगर धरती घूमना कर दें तो इसके बहुत ही भयानक मंजर देखने को मिल सकते हैं। ये नजारे या फिर इसके नतीजे ऐसे हो सकते हैं जो हर कल्पना से परे है। आइए जानते हैं कि अगर धरती घूमना बंद कर दे तो क्या-क्या परिणाम हो सकते हैं।

### मौसम का बदलना

यह तो हम सभी जानते हैं कि धरती सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है और ऐसा करने में इसे 1 साल का समय लगता है जिस कारण पृथ्वी पर अलग-अलग मौसम भी बदलते हैं। अपने कक्ष पर एक चक्कर लगाने में धरती को लगभग 24 घंटे का समय लगता है। सोचिए अगर ऐसा होना बंद हो जाए तो क्या होगा।



### क्या कहती है रिसर्च

पृथ्वी अपनी धुरी पर 1000 मील प्रति घंटा की रफ्तार से घूमती रहती है और हमें इस बात का अंदाजा इस कारण से नहीं लगता है कि क्योंकि हम भी इसके साथ घूमते रहते हैं। इसके घूमने के रुकने को लेकर कई सारे रिसर्च हुए हैं जिसमें कई सारी अलग-अलग डराने वाली बातें सामने आई हैं।

### बदलेगा वातावरण

अगर धरती घूमना बंद होती है तो इसके अधिकांश हिस्सों में प्रलय जैसी स्थिति आ सकती है। इसका घूमना रुक जाने से धरती का एक हिस्सा बहुत ही गर्म रहेगा और बाकी का आधा हिस्सा ठंड से जम जाएगा।

### आ सकती है प्रलय


कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर ऐसा होता है तो पृथ्वी पर रहने वाले सभी लोगों के मरने की संभावना हो सकती है। हम सभी पूर्व दिशा की और 800 मील की स्पीड से पृथ्वी के साथ घूम रहे हैं। वहीं, अगर धरती ने अचानक घूमना बंद किया तो सभी लोग 800 मील की स्पीड के साथ आगे गिर जाएंगे और पृथ्वी पर भयानक दृश्य देखने को मिलेगा।

### महासागरों का विनाश

अगर ऐसा होता है तो सभी लोग घरों और खिड़कियों से बाहर उड़ रहे होंगे और आशंका है कि यह धरती का आखिरी दिन भी हो। आपको बता दें कि धरती का घूमना बंद होते ही महासागर का पानी सभी जमीनों को पानी के नीचे डूबो देगा। धरती का आधे से ज्यादा हिस्सा पानी से डूब जाएगा और चारों ओर पानी ही पानी देखने को मिलेगा।

# बकरीद के पहले मची लूट! सड़क पर बिखरे बकरे, उठाकर ले गए लोग

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन में सोमवार की सुबह लोगों में भेड़-बकरों को लूटने की होड़ मच गई। एका-एक लोग बकरे उठा-उठा कर अपने साथ ले गए। दरअसल, खरगोन-इंदौर मार्ग पर ट्रक अनियंत्रित होकर अन्य वाहन में घुस गया। ट्रक में भरे सैकड़ों बकरे सड़क पर गिर गए। हादसे में कई बकरों की मौत हो गई, जो जिंदा बचे उन्हें लोग लूट कर ले गए। जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह-सुबह की है। जब भेड़ बकरों से भरा हुआ एक ट्रक अनियंत्रित होकर ट्राले में घुस गया। ट्रक में करीब 180 बकरे थे। जिन्हें मध्य प्रदेश के नीमच से हैदराबाद ले जाया जा रहा था, लेकिन तभी खरगोन के मेनगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लुहारी के पास ट्रक हादसे का शिकार हो गया। जिसमें मौजूद लगभग 60 बकरों की मौत हो गई, जबकि बचे कई सारे बकरों को लोग लूट कर ले गए। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि, एक कार को बचाने के चक्कर में हादसा हो गया. बताया कि, वह नीमच से हैदराबाद बकरों को ले जा रहा था। यहां ईद पर इन बकरों की कुर्बानी दी जानी थी। लेकिन, खरगोन से गुजरते समय यहां रॉन्ग साइट में एक खराब कार खड़ी थी, जिसे बचाने के चक्कर में टेकओवर किया, लेकिन तभी ट्रक नियंत्रण खो बैठा दूसरी गाड़ी में जा घुसा। ड्राइवर के मुताबिक, ट्रक में कुल 180 नग भेड़ बकरे थे। जिनमें से करीब 60 बकरे मर गए। कुछ बकरे लोग ले गए।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com